

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस समूह

मध्यप्रदेश ■ राजस्थान ■ हरियाणा ■ छत्तीसगढ़ ■ महाराष्ट्र से प्रकाशित




डाक पंजीयन क्रं. 173/15-17 | 5 | 19 एशिया कप-13 साल के वैभव ने 6 छक्के लगाए, आईपीएल में | सम्पादकीय | अब और बढ़ेगी महंगाई की मार | पाकिस्तान टीम ने पहली बार ब्लाइंड टी20 | 5

वर्ष 22 ● अंक 217 ई-पेपर के लिए लॉगइन करें -www.hindustanexpress.online | मुरैना, गुरूवार 05 दिसम्बर 2024 | email - hindustanexpressbhopal@Gmail.com, hindustanexpresshe@Gmail.com | मूल्य 2.00 रुपया, पृष्ठ 8

# महाराष्ट्र में बन गई बात, देवेन्द्र फड़णवीस होंगे भाजपा के मुख्यमंत्री

### शिंदे- पवार डिप्टी सीएम, आज होगा शपथ ग्रहण समारोह

**नई दिल्ली।** देवेंद्र फडणवीस महाराष्ट्र के अगले मुख्यमंत्री होंगे। फडणवीस ने शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे, एनसीपी नेता अजित पवार के साथ राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के सामने सरकार बनाने का दावा पेश किया। इस दौरान भाजपा के ऑब्जर्वर्स विजय रूपाणी और निर्मला सीतारमण भी मौजूद थे। इसके बाद फडणवीस, शिंदे और पवार ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। फडणवीस और शिंदे दोनों ने कहा कि कितने और कौन-कौन मंत्री शपथ लेंगे, इसकी जानकारी दे दी जाएगी। शपथ ग्रहण का कार्यक्रम कल 5.30 बजे आजाद मैदान में होगा। फडणवीस ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की मौजूदगी में यह कार्यक्रम होगा। मीडिया ने सवाल पूछा कि शिंदे और पवार डिप्टी सीएम की शपथ लेंगे। इस पर अजित पवार ने कहा- कोई ले रहा है, या नहीं, ये अलग बात है। इन लोगों का शाम तक तय होगा पर मैं तो कल शपथ ले रहा हूं यह तय है। इस पर शिंदे ने कहा कि अजित दादा को दिन में और शाम को शपथ लेने का अनुभव है। देवेंद्र फडणवीस ने कहा- हम तीनों नेता एक हैं। और कौन-कौन शपथ लेगा, ये शाम तक बता दिया जाएगा। मैंने एकनाथ जी से सरकार में शामिल होने और डिप्टी सीएम बनने का अनुरोध किया था।



एकनाथ शिंदे ने कहा- मुझे क्या मिल रहा है, यह सवाल ही नहीं था। हमारे मन में सिर्फ यह भावना थी कि महाराष्ट्र को क्या मिला। इसी पर हमने काम किया। महायुति में कोई ऊंच-नीच नहीं है। सब ठीक है। इससे पहले भाजपा विधायक दल की बैठक में देवेंद्र फडणवीस को नेता चुना गया। इसके बाद फडणवीस मुख्यमंत्री आवास वर्षा पहुंचे, यहां शिंदे और पवार के साथ बातचीत की। सूत्रों के मुताबिक यहां मंत्रियों के नामों पर चर्चा हुई। शाम तक नाम भी सामने आ जाएंगे। एकनाथ शिंदे ने कहा, हमने वादा किया था कि जो भी फैसला लिया जाएगा, उसका मैं समर्थन करूंगा। मैंने वही किया है। महायुति को इतना बड़ा बहुमत कभी नहीं मिला था, ये ऐतिहासिक है। बहनों-भाइयों का धन्यवाद। मुझे क्या मिला ये सवाल नहीं है, महाराष्ट्र को क्या मिला, यही भावना हमारे मन में थी। महायुति में कोई ऊंच-नीच नहीं है। फडणवीस घर आए, ये उनका बड़प्पन है। कौन और कितने मंत्री शपथ लेंगे, इसकी जानकारी में शाम को दूंगा।

# भारत के जनजातीय गौरव पुरूष थे टंट्या मामा : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

### मुख्यमंत्री टंट्या मामा के बलिदान दिवस समारोह में वर्चुअली शामिल हुए

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि क्रांतिसूर्य टंट्या मामा भील समाज के ही नहीं, भारत के जनजातीय गौरव पुरूष थे। टंट्या मामा को मैं शत-शत प्रणाम करता हूँ, जिन्होंने जीवन भर अन्याय के खिलाफ संघर्ष कर शोषितों की आवाज बनकर स्वतंत्रता की अलख जगाई। उनकी पुण्य-तिथि के अवसर पर टंट्या भील विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित बलिदान दिवस पर मैं उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। आजादी के बाद कई दशकों तक देश के तत्कालीन सत्ताधीशों ने जनजातीय जननायकों को यथोचित मान-सम्मान नहीं दिया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, बुधवार को मंत्रालय से टंट्या मामा की पुण्यतिथि के अवसर पर क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय खरगोन में आयोजित कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित कर रहे थे।






मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मैं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद देता हूं, जिनके आने के बाद स्थिति बदली है और उनके नेतृत्व में हमने फिर चाहे टंट्या मामा हो या भगवान बिरसा मुंडा जैसे जननायकों के कामों को आज के युवा के मानस पटल पर पुनर्जीवित किया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवम्बर को पूरे देश में जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि खरगोन में भील विश्वविद्यालय का नाम टंट्या मामा के नाम पर रखना भी उनके प्रति एक सच्ची श्रद्धांजलि है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि तांतिया भील का टंट्या नाम अंग्रेजों द्वारा दिया गया था। जिसे बाद में लोगों द्वारा प्यार से टंट्या मामा कहकर पुकारने लगे। टंट्या गुरिल्ला युद्ध कौशल में माहिर थे कि सशक्त शक्तिशाली, सब प्रकार से सम्पन्न अंग्रेजी हुकुमत की नाक में उन्होंने दम किया हुआ था। वे अपने समाज में रॉबिन हुड के नाम से जाने जाते थे। वे अंग्रेजों से धन लूटकर गरीबों में बांटा करते थे। उनकी सोच थी कि हिन्दुस्तान का पैसा हिन्दुस्तान के लोगों के काम आए, न कि उसे अंग्रेज लूट कर ले जाएं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमने जनजातीय समाज के जननायकों की गौरव गाथा को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया है। इस विश्वविद्यालय की स्थापना का मुख्य उद्देश्य टंट्या मामा के जन्म स्थल क्षेत्र के युवाओं को विभिन्न पाठ्यक्रमों में उच्चतम शिक्षा प्रदान करना था।

# सीएम के निर्देश: मंत्रीगण करें उपार्जन केन्द्रों का अवलोकन

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने केबिनेट बैठक के पहले मंत्रीगण को संबोधित करते हुए कहा कि सोयाबीन और धान खरीदी के लिये बनाये गये उपार्जन केन्द्रों का अवलोकन करें। उन्होंने कहा कि उपार्जन में किसानों को यदि कोई समस्या आ रही है, तो संबंधित विभाग के संज्ञान में लायें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रदेश में 25 अक्टूबर से सोयाबीन का उपार्जन हो रहा है। उपार्जन 31 दिसम्बर तक होगा। अब तक 77 हजार से अधिक किसानों से 2 लाख 4 हजार मीट्रिक टन सोयाबीन का उपार्जन किया जा चुका है। प्रतिदिन लगभग 20 हजार मीट्रिक टन सोयाबीन की आवक हो रही है।



खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया कि 2 दिसम्बर से धान का उपार्जन शुरू हो चुका है। अब तक 428 किसानों से 2810 मीट्रिक टन धान का उपार्जन हो चुका है। धान के उपार्जन के लिये अभी 1184 उपार्जन केन्द्र बनाये गये हैं। लगभग 7 लाख 68 हजार किसानों द्वारा धान उपार्जन के लिये ऑनलाइन पंजीयन कराया गया है। उन्होंने बताया कि 4 दिसम्बर तक 97 हजार से अधिक किसान उपार्जन केन्द्रों पर उपज विक्रय के लिये स्लॉट बुक करा चुके हैं।

जिला बालाघाट में 859, सतना में 519, सिंगरौली में 252, मंडला 205, बैतूल 173, अनूपपुर 171, कटनी 149, रीवा 135, मैहर 111, सागर 61, शहडोल 43, सीधी 42, नरसिंहपुर 30, नर्मदापुरम 28, पन्ना 25, दमोह 6 और जिला मऊगंज में 1 मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है।

## 104 साल का बुजुर्ग 36 साल बाद जेल से छूटा,

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में 104 साल के बुजुर्ग 36 साल जेल की सजा काटने के बाद रिहा हुए हैं। 29 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद रसिक चंद्र मंडल मंगलवार (3 नवंबर) को मालदा करेक्शनल होम से बाहर आए। उन्हें 1988 में भाई की हत्या के आरोप में न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। 1994 में ट्रायल कोर्ट ने उन्हें दोषी करार करते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई थी। मंडल ने अपने जीवन के आखिरी दिन परिवार के साथ बिताने के लिए रिहाई की मांग की थी। जेल से बाहर निकलकर उन्होंने कहा कि वह जिंदगी के बचे हुए दिन बागवानी और पौधों का ध्यान रखने में बिताएंगे।

# मंत्री कुशवाह ने कहा- प्रदेश सरकार का संकल्प दिव्यांगता को दिव्यता में बदलना है





**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**भोपाल।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने कहा है कि समावेशी और उज्ज्वल भविष्य के लिए दिव्यांगों के नेतृत्व को बढ़ावा देना के लिए मध्यप्रदेश सरकार का प्रयास 'दिव्यांगता को दिव्यता के रूप में परिवर्तित' करने का है। इसके लिए राज्य सरकार, केन्द्र सरकार के साथ मिलकर कार्य कर रही है और दिव्यांगों के कल्याण के लिए उनको साधन के साथ अवसर भी मुहैया कराया जा रहा है। मंत्री श्री कुशवाह ने यह बात सामाजिक न्याय संचालनालय के ऑडिटोरियम में आयोजित राज्य स्तरीय दिव्यांगजन कल्याण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता परशुराम बोर्ड के अध्यक्ष विष्णु राजोरिया ने की। मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में दिव्यांगजनों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का जो लक्ष्य निर्धारित किया है, उसके लिए मध्यप्रदेश में बाधा रहित वातावरण निर्माण का कार्य प्राथमिकता से किया जा रहा है। उन्होंने कहा वैश्विक समाज में वर्ग की भागीदारी उसमें होना चाहिए। उन्होंने दिवयांगजन के लिए सेवा और परमार्थ कार्य में लगी संस्थाओं को बधाई दी। उन्होंने दिव्यांगजनों से आहवान किया कि दिव्यांगता सफलता में बाधक नहीं है।

## वैश्विक समाज के निर्माण में इस वर्ग की महत्वपूर्ण भागीदारी

प्रमुख सचिव सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण श्रीमती सोनाली पाक्षे वायंगयकर ने कहा कि समावेशी और उज्जवल भविष्य के लिये दिव्यांगजनों के नेतृत्व को बढ़ावा देने का आशय, 2047 के भारत में इस वर्ग की भागीदारी नेतृत्वशीलता के रूप में विकसित करना है।

आयुक्त सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण डॉ. आरआर भौसले ने कहा कि दिव्यांगजन की समग्र भागीदारी सुनिश्चित करने के लिये विभाग लगातार प्रयासरत है।

आयुक्त निःशक्तजन संदीप रजक ने कहा कि निःशक्ता सफलता में बाधक नहीं है आवश्यकता दृढ़ इच्छा शक्ति से आगे बढ़ने की है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत को गौरन्वित कराने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया किया गया कार्यक्रम में सामाजिक न्याय मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने पैराओलम्पिक खेलों में जूडो में ब्रॉस मेडल जीतने वाले कपिल परिहार, निशानेबाज़ सुश्री रूबीना फ्रांसिस तथा प्रदेश के पद्मश्री से सम्मानित सतेन्द्र सिंह लोहिया को एक-एक लाख रूपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की। भोपाल के दिव्यांगजन को लेपटॉप, श्रबणयंत्र, ब्लाइंड स्टीक, दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना के हितग्राहियों को 2-2 लाख रूपये के चेक भी वितरित किये गये। कार्यक्रम में ''लाइव रियल टाइम इंटरप्रिटेशन सर्विस'' एमओयू तथा आरूषि संस्था द्वारा संचालित हेल्प लाइन नबंर का अपग्रेशन का पुनः लॉचिंग भी की गई। समावेसी भारत अभियान क्विज प्रतियोगिता के विजेताओं का पुरूस्कार तथा भोपाल के दिव्यांगजन को ट्राइसाइकल/वैशाखी भी वितरित की गई।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में आशा निकेतन विद्यालय, माधुरी आयाम विद्यालय, नेशनल एसोसिऐशन, ब्लाइंड दृष्टिहीन कल्याण संघ भोपाल के बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुति दी।

# महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् द्वारा आयोजित संस्थापक सप्ताह समारोह में शामिल हुए विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर





**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**गोरखपुर।** पावन गोरक्षनगरी गोरखपुर, उत्तरप्रदेश में उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् द्वारा आयोजित संस्थापक सप्ताह समारोह 2024 में मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यक्रम का शुभारंभ किया।



कार्यक्रम के दौरान श्री तोमर समसामयिक राष्ट्रीय सामाजिक मुद्दों पर जनजागरण करती भव्य शोभा यात्रा में भी सम्मिलित हुए। श्री तोमर इस 92वें संस्थापक समारोह का साक्षी बने। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् का संचालन श्रीगोरक्षपीठ, गोरखनाथ मन्दिर, गोरखपुर (उ.प्र.) द्वारा किया जाता है। इस परिषद की स्थापना युगपुरुष ब्रह्मलीन महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज ने 1932 ई. में की थी। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् द्वारा प्रतिवर्ष 4 से 10 दिसम्बर तक संस्थापक सप्ताह समारोह मनाया जाता है। इस समारोह के अन्तर्गत महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् की समस्त संस्थाओं, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर, मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय गोरखपुर सहित जनपद की लगभग 6 दर्जन शिक्षण संस्थाएं विविध आयोजन में हिस्सा लेती हैं। इस दौरान श्री तोमर ने कहा कि निःसंदेह इस कार्यक्रम में मेरा आना मेरे लिए प्रसन्नता का विषय है। मैं अपने आपको यहां आकर धन्य महसूस कर रहा हूँ।

# 6000 करोड़ का घोटाला कर गुजरात की कंपनी फरार हुई, क्रिकेटरों का भी करोड़ों रुपये था निवेश

### छापे से पहले ही पासपोर्ट लेकर फरार हो गया था झाला

**आर.एन.एस.**

राजकोट। गुजरात और राजस्थान में करीब 6 हजार करोड़ रुपए का घोटाला कर रफूचक्कर हुई गुजरात की बीजेड फाइनेंस कंपनी का सीईओ भूपेंद्र सिंह झाला फरार है। गुजरात और राजस्थान के उसके सभी ऑफिसों में ताला लटका है। अब सीआईडी क्राइम ब्रांच की जांच में कंपनी के धोखे का शिकार होने वाले निवेशकों के नाम भी सामने आने लगे हैं।




इनमें सेवानिवृत्त अधिकारी/कर्मचारी और बिजनेसमैन ही नहीं, बल्कि देश के जाने-माने क्रिकेटर्स के नाम भी शामिल हैं। सीआईडी क्राइम ने जब निवेशकों की सूची की जांच की तो उसमें क्रिकेटर शुभमन गिल, राहुल तेवतिया, मोहित शर्मा समेत पांच क्रिकेटरों के नाम भी मिले हैं।

इन क्रिकेटर्स ने भी पैसे डबल करने के लिए कंपनी में दस लाख से एक करोड़ रुपए तक का निवेश किया था। इस बारे में जब सीआईडी के प्रमुख डॉ. एस राजकुमार पंड्या से पूछा गया तो उन्होंने जवाब देने से इनकार कर दिया। हालांकि, नाम न बताने की शर्त पर सीआईडी क्राइम के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने इन पांच क्रिकेटरों के नाम की पुष्टि करते हुए कहा कि इनके साथ भी धोखा हुआ है। पुलिस का कहना है कि बीजेड ग्रुप के लिए नवंबर महीने का ब्याज चुकाने का समय आ गया है। हालांकि, कंपनी के संचालक फरार हैं और सभी ऑफिसेज भी बंद हैं तो यह तय है कि निवेशों को इस महीने का ब्याज नहीं मिलेगा। इसलिए बड़ी संख्या में लोग सामने आएंगे। अब तक पुलिस को अलग-अलग जगहों से निवेशकों का जो ब्योरा मिला है, उसके मुताबिक देशभर से 14 हजार लोगों ने भूपेन्द्र सिंह झाला की बीजेड फाइनेंस कंपनी में निवेश किया है।

सूत्रों का कहना है कि छापेमारी से पहले ही भूपेन्द्र सिंह अपना पासपोर्ट लेकर फरार हो गया था। सीआईडी प्रमुख ने आरोपी के फरार होने की बात पर अधिकारियों को फटकार भी लगाई गई थी। बीजेड ग्रुप घोटाले की जांच कर रहे एक आईपीएस ने बताया कि भूपेन्द्रसिंह पासपोर्ट लेकर भले ही फरार हो गया हो, लेकिन उसने भारत नहीं छोड़ा है। हमने देश के सभी इंटरनेशनल हवाई अड्डों से डिटेल मांगी है, लेकिन उसके देश छोड़ने की रिपोर्ट नहीं मिली है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# प्रधान संपादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे ने श्री रविशंकर जी महाराज को प्रदान किया निमंत्रण पत्र

### श्री रावतपुरा सरकार ने विवाह समारोह में आने का आश्वासन दिया





रावतपुरा धाम। दैनिक हिन्दुस्तान एक्सप्रेस के प्रधान संपादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे अपने सुपुत्र चि. विकास शिवहरे के शुभ विवाह का निमंत्रण पत्र देने के लिए श्री रविशंकर जी महाराज (रावतपुरा सरकार) के आश्रम रावतपुरा धाम पहुंचे, जहाँ उन्होंने महाराजश्री के कर कमलों में कार्ड सौंपा। महाराजश्री ने अपना आशीर्वाद प्रदान करते हुए परिणय दिवस पर ग्वालियर आने का आश्वासन दिया।

# एड्स जानलेवा है, सुरक्षा ही सर्वोत्तम उपायः डॉ. नरेन्द्र मिश्रा

## - माधव महाविद्यालय की रासेयो इकाई एवं रेड रिबन क्लब द्वारा व्याख्यान का आयोजन






**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज- ग्वालियर।** एड्स बीमारी से मृत्यु न होकर शरीर कमजोर हो जाने के कारण अन्य बीमारियों के प्रकोप द्वारा मृत्यु हो जाती है। एड्स की बीमारी को दवाओं के द्वारा रोका जा सकता है। हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाने पर इनके संक्रमण हमारे शरीर के गार्ड को धोखा देकर शरीर में प्रवेश कर जाते हैं। यह बात डॉ. नरेन्द्र कुमार मिश्रा ने कही। एड्स सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों के साथ कार्यक्रम करना है जिसमें माधव महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं रेड रिबन क्लब द्वारा व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. नरेन्द्र कुमार मिश्रा, मेडिसिन विभाग, गजरा राजा चिकित्सा महाविद्यालय, ग्वालियर अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. शिवकुमार शर्मा, माधव महाविद्यालय, वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संजय कुमार पाण्डेय एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विकास शुक्ला राष्ट्रीय सेवा योजना माधव महाविद्यालय उपस्थित थे।

डॉ. मिश्रा ने बताया कि एड्स बीमारी हाथ मिलाने, गले मिलना, संग साथ रहना आदि किसी भी प्रकार से नहीं होती है। इस बीमारी का मुख्य कारण एक शरीर का रक्त दूसरे शरीर में जाने से होती है। समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने के लिए एन.एस.एस. जैसा मंच काफी सराहनीय कार्य करता है क्योंकि एड्स पीडित व्यक्ति समाज घृणा की दृष्टि से देखता है जो गलत है।

डॉ. शिवकुमार शर्मा ने कहा कि शरीर में अनेक प्रकार के अंग हैं सबका भिन्न-भिन्न कार्य होता है। एड्स रोग प्रतिरोधक क्षमता को कम करके इन अंगों को खराब कर देती है जिसके कारण कई अनेक प्रकार की बीमारियां हमारे शरीर पर अटैक करती है उससे लड़ने के लिए हमें निरंतर दवा का सेवन करना चाहिये। रेड रिबन क्लब बनाकर महाविद्यालयों में एड्स जागरूकता के कार्य किये जाते हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. संजय कुमार पाण्डेय एवं आभार डॉ. विकास शुक्ला ने किया। अंत में अतिथि का स्वागत शॉल श्रीफल देकर किया गया।

कार्यक्रम में डॉ. संजय रस्तोगी, डॉ. संतोष शर्मा, डॉ. कौशलेन्द्र अवस्थी, डॉ. विजय पाण्डेय, डॉ. दीपक शिंदे, स्वयंसेवक रौनक द्विवेदी, रोहन अरोरा, आशुतोष पालिवाल, शिवम गुर्जर, रवि बाथम, नकुल शर्मा, कृष्णा गर्ग आदि लोग उपस्थित थे।

# एबीवी ट्रिपल आईटीएम संस्थान में तीन दिवसीय CANDEE 2024 के द्वितीय दिन का सफल आयोजन






**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज- ग्वालियर।** एबीवी आईआईआईटीएम में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन ऊर्जा व पर्यावरण के लिए नैनो सामग्री और उपकरणों में प्रगति पर तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन CANDEE 2024 का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें देश-विदेश से आए हुए प्रमुख वैज्ञानिक अपने विचारों को साझा कर रहे हैं।

आज कैंडी (CANDEE) के दूसरे दिन की शुरुआत करते हुए,प्रो. अनुराग श्रीवास्तव (डीन पूर्व छात्र एवं बाह्य/विदेश संबंध) ने अमेरिका से आए हुए वैज्ञानिक प्रो. अप्पाराव एम.राव को अपने बहुमूल्य व्याख्यान के लिए आमंत्रित किया। प्रो. अप्पाराव रॉबर्ट ए बॉवेन भौतिकी के सम्पन्न प्रोफेसर, क्लेमसन नैनोमेटेरियल संस्थान के संस्थापक निदेशक, तथा क्लेमसन विश्विद्यालय के विज्ञान महाविद्यालय में डिस्कवरी के पूर्व एसोसिएट डीन के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने अपने वक्तव्य की शुरुआत करते हुए,सस्टेनेबल बैटरीज, जिसका मुख्य उद्देश्य, बैटरी उद्योग के सतत् विकास पर काम करना और पर्यावरण और समाज के लिए फायदे सुनिश्चित करना होता है, इसके साथ-साथ, द्विआयामी सामग्री और उनके गुण,तथा सिलिकॉन के साथ प्राथमिक चुनौतियों पर प्रकाश डाला।




इसी क्रम में दूसरे मुख्य वक्ता प्रो. अजय कुमार मिश्रा (वेस्टर्न केप विश्वविद्यालय दक्षिण अफ्रीका) ने जल परिशुद्धता एवं बचाव को स्पष्ट करते हुए, औद्योगिक जल मैनेजमेंट,नैनोमेटेरियल एवं डाई अवशोषण के लिए नैनो कंपोजिट पर प्रकाश डाला। तत्पश्चात प्रो. प्रशांत कुमार सरस्वत (U.U Utah US) ने लेजर प्रिंटिंग-धातु मापने की तकनीक में ढलाई को स्पष्ट किया। प्रो. सुभाष एस पिंगले (P.U. पुणे), ने आणविक आदिश क्षेत्रों की स्थायकृति, एवं आणविक स्थिरवैद्युदितकी क्षमता के बारे में बताया, वैज्ञानिक डॉ. विनोद कुमार शर्मा (ENEA, इटली) ने विभिन्न तत्व ऊर्जा कैसे उत्पन्न करते है इस बात पर चर्चा की,एवं अपने विचार साझा किए। इसी क्रम में वरिष्ठ वैज्ञानिक वसुन्धरा (CSIR, IICT, हैदराबाद) ने ठोस चुंबकीय प्रशीतन प्रौद्योगिकी के लिए सस्ती अग्रदूत के उपयोग को स्पष्ट किया, और अंत में, सुनील ढींगरा (BTF दिल्ली), हर्ष वजीरानी एवं सवाना (सिडनी विश्वविद्यालय), प्रो. संगीता शर्मा (एयू-जर्मनी) ने भी विचारों को साझा किया।

इन सभी देश विदेश से पधारे वैज्ञानिकों के विचारों के आदान प्रदान से अधिवेशन में पधारे सभी प्रतिभागी लाभान्वित हुए। प्रो. अनुराग श्रीवास्तव का आभार व्यक्त करते हुए उन्होने कहा कि वे इस प्रकार के अंतर्राष्ट्रीय अधिवेशन को भविष्य में भी इसी प्रकार से कार्यान्वित करते रहें, जिससे इस क्षेत्र में रिसर्च कर रहे शोधकर्ताओं को इसका भरपूर लाभ मिल सके। उक्त जानकारी संस्थान की मीडिया प्रभारी श्रीमती दीपा सिंह सिसोदिया के द्वारा दी गयी।

# एम्प्लॉयीज़ को हमेशा साथ लेकर चलने का गुण है, तो सफलता निश्चित है

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज- इंदौर।** सबको साथ लेकर चलने की कला आना बहुत जरुरी है। यही कला आपका भविष्य तय करती है कि आप कितना आगे जाएँगे और कितनी उपलब्धियाँ खुद चलकर आपके पास आएँगी। इस बात की जीती-जागती मिसाल पेश करते हुए, इंदौर की जानी-मानी और देश की मोस्ट प्रॉमिसिंग पीआर कंपनी, पीआर 24×7 ने सफलतापूर्वक अपने पच्चीस वर्ष पूरे किए। अपने नाम एवं प्रतिष्ठा के पथ पर आगे बढ़ते हुए, कंपनी हमेशा से ही अपने एम्प्लॉयीज़ को साथ लेकर चलने के लिए पूरे देश में अलग पहचान रखती है।



पीआर 24×7 ने अपनी कुशल टीम के साथ सिर्फ अपनी 25वीं वर्षगाँठ का जश्न ही नहीं मनाया, बल्कि इस अवसर को और भी खास बनाने के लिए, कंपनी ने अपने एम्प्लॉयीज़ की अथाह मेहनत को सराहा और बेहतर प्रदर्शन करने वाले कई एम्प्लॉयीज़ को प्रमोशन दिए, जिससे सभी के उत्साह और मनोबल में वृद्धि देखते ही बनी। इस जश्न के दौरान, पीआर 24×7 ने अपनी आगामी योजनाओं और विकास के दिशा-निर्देशों को भी साझा किया। कंपनी का उद्देश्य आने वाले सालों में अपनी सर्विसेस को और विस्तार देना है, ताकि वे अपने क्लाइंट्स के लिए और भी बेहतर समाधान और रणनीतियाँ प्रदान कर सकें।

इस मौके पर पीआर 24×7 के संस्थापक, अतुल मलिकराम ने कहा, 'मैं इस बात में विश्वास रखता हूँ कि कोई भी कंपनी अकेले नहीं चल सकती, एम्प्लॉयीज़ इसमें जान डालने का काम करते हैं, उनके बगैर कोई भी कंपनी बेजान मात्र है। अपने सफर के ये 25 कदम यानि 25 वर्ष हम उन्हीं का हाथ थामकर चले हैं। ऐसे में, 25वीं वर्षगाँठ का जश्न एम्प्लॉयीज़ की संतुष्टि के बिना अधूरा था, जो प्रमोशन की घोषणा से उनके चेहरों पर आश्चर्य के साथ ही बेबाक खुशी छोड़ गया। मेरे मायने में इससे बड़ा जश्न और कुछ नहीं हो सकता। सभी प्रमोशन्स पीआर 24×7 के लिए एक नए अध्याय की शुरुआत हैं, जो नई जिम्मेदारियों के साथ इसे विकास की राह पर आगे बढ़ाएँगे।'

कंपनी के एम्प्लॉयीज़ का कहना है कि 25 सालों तक अपनी साख को बनाए रखना एक कंपनी के लिए बहुत बड़ी बात है, और ऐसी कंपनी का हिस्सा बनना एक एम्प्लॉयी के लिए उससे भी बड़ी बात है। कंपनी के मान से एम्प्लॉयी का भी मान-सम्मान बढ़ता है। यह प्रमोशन हम सभी की कप्लना से परे था, और 25वीं वर्षगाँठ के जश्न का हिस्सा बनना हम सभी के लिए गर्व का क्षण है। यह देखकर वास्तव में हम सभी खुद को सौभाग्यशाली मानते हैं कि हम एक ऐसी कंपनी से जुड़े हैं, जिसके कई एम्प्लॉयीज़ और यहाँ तक कि कई क्लाइंट्स दो दशकों से भी अधिक समय से इसके साथ जुड़े हुए हैं। कंपनी अपने एम्प्लॉयीज़ के साथ सिर्फ प्रोफेशनल से परे उनके सुख-दुःख में भी साथ खड़े रहना बखूबी जानती है।

पच्चीस वर्षों की यह पहचान यूँ ही नहीं बनी है। कई तरह के उतार-चढ़ाव से होकर गुजरने के बाद यह सफलता हासिल हो सकी है। इन सबके बावजूद कंपनी के प्रति क्लाइंट्स और एम्प्लॉयीज़ का अटूट विश्वास, कंपनी को निरंतर रूप से मिलने वाले विभिन्न अवॉर्ड्स, जरूरतमंदों के काम आने वाला समाजसेवी भाव, 2030 के भारत के लिए निःस्वार्थ भाव से काम, वर्ष भर होने वालीं सांस्कृतिक गतिविधियों आदि का इस सफलता में विशेष योगदान है। एम्प्लॉयीज़ को हमेशा साथ लेकर चलने की कंपनी की प्रवृत्ति ही है, जो सालों-सालों तक इसे अपने रिश्ते की मजबूत डोर में बांधे रखती है। किसी कारणवश साथ काम से साथ छूट भी जाए, लेकिन रिश्ते का ज्यों-का-त्यों बरकरार रहना इसमें बेशकीमती साख जोड़ देता है। गौरतलब है कि पीआर 24×7 की स्थापना 1999 में अतुल मलिकराम द्वारा की गई थी, और तब से लेकर अब तक यह कंपनी निरंतर सफलता की ओर बढ़ी है। श्री मलिकराम का विश्वास और जुनून ही वह शक्ति थी, जिसने उन्हें इस इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने में मदद की। उन्होंने लगातार मेहनत की और अपनी कुशल टीम के साथ मिलकर, भारतीय मीडिया और पीआर इंडस्ट्री में अपनी एक मजबूत जगह बनाई। इसी का परिणाम है कि इंडस्ट्री में यह कंपनी अपनी अलग पहचान को हमेशा से बरकरार रखे हुए है। इंदौर में स्थित इस प्रतिष्ठित पीआर एजेंसी ने न सिर्फ भारतीय मीडिया और कम्युनिकेशन इंडस्ट्री में अपनी अलग पहचान बनाई है, बल्कि इसे देश के सबसे बेहतरीन पीआर ब्रांड्स में से एक की ख्याति भी प्राप्त है।

**पीआर 24×7 के बारे में**

पीआर 24×7 एक कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन एजेंसी है, जो भारत की सर्वश्रेष्ठ पीआर एजेंसियों में से एक है। ब्रांड के पास 25 वर्षों का व्यापक अनुभव है, जिसने इसे 18 से अधिक राज्यों और 68 से अधिक शहरों में अपनी सेवाओं का विस्तार करने में सक्षम बनाया है। इसकी 50 से अधिक सदस्यों की मजबूत और समर्पित टीम ने हर चुनौती का सामना करते हुए उत्कृष्टता की ऊँचाइयों को छुआ है। आज, कंपनी के पास 200 से अधिक क्लाइंट्स और 50 से अधिक लोगों की एक मजबूत टीम है। लेकिन यह तो सिर्फ शुरुआत है, अभी बहुत कुछ हासिल करना बाकी है। हमारे ग्राहक हमें कई कारणों से पसंद करते हैं, जिनमें 24×7 उपलब्धता, रीजनल मीडिया की समझ, नेटवर्क और मीडिया संबंध, क्राइसिस कम्युनिकेशन में विशेषज्ञता, उत्कृष्ट मीडिया मॉनिटरिंग क्षमताएँ, टीम की संस्कृति तथा स्थिरता और गुणवत्तापूर्ण सेवाओं के साथ दीर्घकालिक ग्राहक संबंध शामिल हैं।

# बांग्लादेश की घटनाओं के विरोध में निकाली रैली

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज- मुरैना/जौरा।** बांग्लादेश में हिंदुओं एवं अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार के विरोध में सकल हिंदू समाज ने जौरा नगर में हाथों में तख्तियां लेकर रैली भी निकाली। 04 दिसंबर को एसएएफ मैदान से सकल हिंदू समाज के सैकड़ों नागरिकों ने बांग्लादेश में हिंदुओं और अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार के विरोध में रैली का श्रीगणेश किया। यहां रैली एमएस रोड, इस्लामपुरा, तहसील चौराहा, सदर बाजार होती हुई मई वाले कुएं पर पहुंची। रैली के दौरान लोग हिंदुओं पर अब और नहीं सहेंगे अत्याचार जैसे नारे भी लगाते हुए चल रहे थे। रैली में मनोज सिंह सिकरवार, आशुतोष शर्मा आशु, अन्ना रोहित शर्मा, राहुल गुप्ता, बंटी मुदगल, रुद्र दुबे, राधाशरण दुबे, डॉ. बनवारी लाल त्यागी, सुनील शर्मा, अंकुर त्यागी, पवन कटारे, विजय बंसल, श्रीमती उर्मिला त्यागी, श्रीमती सुमन बंसल, रानी तिवारी, रामनिवास दुबे सहित अन्य सकल हिंदू समाज के लोग हिंदू समाज की एकता को लेकर नारे लगाते हुए भी चल रहे थे। रैली मई कुएं पर सभा में परिवर्तित हुई। सभा को वक्ताओं ने संबोधित करते हुए कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार निंदनीय है, उन्हें तत्काल रुक जाना चाहिए। वक्ताओं ने यह भी कहा कि बांग्लादेश में ही नहीं पूरी दुनिया में हिंदू निवास करता है उनकी जन्म भूमि केवल भारत है। भारत भूमि पर जन्मे हर हिंदू की संकट के समय चिंता करना भारतीय सरकार का नैतिक कर्तव्य भी है। यहां पर शिवशंकर, महंत रामलखन दास जी, महाराज योगेश शर्मा, अज्जू शर्मा, सुभाष शर्मा, प्रदीप मुदगल, अजय सिकरवार भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में भानुप्रताप सिंह चिंटू, शैलेंद्र शर्मा, संजय शर्मा, हरेंद्र सिंह सिकरवार सहित अन्य लोग भी शामिल थे।



# भ्रूण हत्या और बाल विवाह समाज के संतुलित विकास में बाधा

## - लैंगिक समानता और बालिका शिक्षा के लिए जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज- मुरैना।** पीएमश्री शासकीय हाई स्कूल गलेथा में भ्रूण हत्या, बाल विवाह उन्मूलन, और बालिका शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छात्राओं ने एक नाटक प्रस्तुत किया, जिसमें इन कुप्रथाओं के दुष्प्रभावों को प्रभावी ढंग से दर्शाया गया।

कार्यक्रम के दौरान एक संगोष्ठी भी आयोजित की गई, जिसमें कन्या भ्रूण हत्या और बाल विवाह से संबंधित कानूनी प्रावधानों, सामाजिक जिम्मेदारियों और इन कुरीतियों को समाप्त करने के लिए आवश्यक कदमों पर चर्चा की गई।



मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के संभागीय अध्यक्ष डॉ. नरेश सिंह सिकरवार ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा कि भ्रूण हत्या और बाल विवाह जैसी कुप्रथाएं हमारे समाज के लिए एक गंभीर चुनौती हैं। ये न केवल महिलाओं के अधिकारों का हनन करती हैं, बल्कि समाज के संतुलित विकास में भी बाधा डालती हैं।

इस अवसर पर विनोद सिकरवार, विमलेश यादव, रामबरन सिंह पायथा, रघुराज परमार, रामावतार सिंह चंबल, जितेंद्र सिकरवार, भारत सिंह, मनमोहन सिकरवार, रश्मि अग्निहोत्री, शिवराज जालौन, ज्योति शर्मा, कुबेर खरे, रवि राजपूत, राजेंद्र शर्मा और अजय कुमार सहित अनेक छात्र व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# "हम होंगे कामयाब" पखवाड़ा के अंतर्गत जेंडर उन्मुखीकरण विषय पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज- मुरैना।** कलेक्टर अंकित अस्थाना के निर्देशानुसार ''हम होंगे कामयाब'' पखवाड़ा के अंतर्गत मंगलवार को समुदाय में जेंडर उन्मुखीकरण के तहत लैंगिक समानता, गुड टच बैड टच, महिलाओं एवं लडकियों का सम्मान एवं सुरक्षा आदि विषय पर संवाद कार्यक्रमों का आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किया गया।

आयोजित कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक श्रीमती अपूर्वा चौधरी, परियोजना अधिकारी मुरैना ग्रामीण श्रीमती निशा शंखवार एवं संरक्षण अधिकारी बृजराज शर्मा ने जेंडर संवेदनशीलता के ऊपर युवाओं एवं बालिकाओं को जागरूक किया। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने युवाओं के साथ सीधे संवाद करते हुये समाज में हो रही जेंडर असमानता तथा जिले में घटते लिंगानुपात पर बात करते हुए बताया कि समाज द्वारा वर्षों से महिलाओं के अधिकारों के प्रति हो रहे शोषण को आज के बदलते परिवेश में बदलने की आवश्यकता है। बालिकाओं को भी जीवन जीने का अधिकार तथा दुनिया में आने का अधिकार है, जिसके क्रम में पीसीपीएनडीटी एक्ट के विषय में उपस्थित बालक, बालिकाओं को अवगत कराया गया। शासकीय सीनियर बालक छात्रावास बडोखर मुरैना एवं शासकीय सीनियर बालक छात्रावास जौरा रोड मुरैना में सभी बालकों को अपने परिवार में अपनी बहनों को भी बराबरी का अधिकार दिलाने तथा शैक्षणिक एवं सामाजिक विकास सुनिश्चित करने के लि आवश्यक सुविधायें प्रदान करने हेतु अपने से बड़े परिजनों से अपील किये जाने हेतु कहा गया।



# सामाज विकास के लिए लगातार कार्य किया जाएगा: विजय गुप्ता





**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज- मुरैना/अम्बाह।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी माहौर ग्वारे वैश्य समाज के कुल प्रवर्तक महाराजा महासेन की जयंती का पर्व ग्वारे वैश्य धर्मशाला अम्बाह में धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व्यापार मंडल अम्बाह के अध्यक्ष एवं समाज के पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री विजय गुप्ता रहे। इस दौरान विजय गुप्ता ने कहा कि समाज की उन्नति के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है और लगातार किया जाएगा। उन्होंने नवयुवकों से आव्हान करते हुए कहा कि वह समाज उत्थान के लिए नई-नई योजनाएं बनाएं जिस पर अमल करना वरिष्ठ नेतृत्व का कार्य होगा। वहीं धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों एवं महिलाओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। साथ ही समाज के प्रतिभावान बच्चों को पुरस्कार भी दिया गया। मौके पर विजय गुप्ता, रामू गुप्ता, रामस्वरूप चांडिल, हरी बंशल, सुरेश बंशल, राजेश चांडिल, रामू चांडिल, राजेश गुप्ता, श्यामू चांडिल, मुरारीलाल गुप्ता सहित सैकड़ों की तादाद में महिला-पुरुष एवं बच्चे उपस्थित रहे।

# बांग्लादेशी हिंदुओं की मदद करे भारत सरकार: बालकृष्ण शर्मा

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज- मुरैना/अम्बाह।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में सकल हिंदू समाज अम्बाह ने बुधवार को विरोध प्रदर्शन किया। जिसमें सबसे पहले विशाल रैली निकाल कर इस्लामी कट्टरपंथी बांग्लादेश सरकार के खिलाफ रोष व्याप्त किया गया और उदघोष करके भारत सरकार से आह्वान किया कि बांग्लादेश में हो रहे अत्याचार को रोकने के लिए भारत सरकार कड़े एक्शन ले। और सार्वजनिक रूप से कहे कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार भारत नहीं सहेगा रैली के पश्चात संत शिरोमणि बालक दास महाराज जी ने हिंदू समाज को संबोधित करते हुए कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ जिस प्रकार से अत्याचार जुर्म हो रहे हैं, यह मानवता को झकझोर देने वाली घटना है। आज संपूर्ण हिंदू समाज को संगठित होकर बांग्लादेशी हिंदुओं का साथ देना चाहिए और भारत सरकार से आह्वान करना चाहिए कि जल्द से जल्द भारत सरकार बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार को रोकने के लिए विश्व पटल आवाज उठाये। अपनी कूटनीति के द्वारा बांग्लादेश को सबक सिखाये। इस अवसर पर विजय बांदिल, अशोक अग्रवाल, उम्मेद तोमर, सुरेश कुशवाहा सहित अम्बाह के राष्ट्रभक्त युवा, बहिनें व सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।




# कथावाचक उपाध्याय जी ने जरूरतमंदों को वितरित किए कंबल व गर्म वस्त्र

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज- मुरैना/अम्बाह।** प्रसिद्ध कथावाचक उपाध्याय जी महाराज द्वारा एमएलडी कॉलोनी में ठंड की शुरुआत होते ही जरूरतमंद बच्चों को गर्म वस्त्र एवं कंबल का वितरण किया। उपाध्याय जी महाराज ने बताया कि बढ़ते हुए ठंड के मौसम को देखकर जरूरतमंद बच्चों के बीच पहुंचकर उनका हाल-चाल जानते हुए सभी को वस्त्र व कंबल वितरण किये गए। उन्होंने कहा ठंड के मौसम में कई ऐसे परिवार रहते हैं जिनके पास गर्म कपड़े नहीं रहते इसलिए कंबल व गर्म कपड़ा बांटने के लिए सामाजिक लोगों के हाथ भी आगे बढ़े, जिससे जरूरतमंदों को ठंड से थोड़ी राहत मिल सकती है। उन्होंने कहा भगवत कृपा से उनके द्वारा जन हित के कार्य समय-समय पर किये जाते हैं जिसकी मदद की जाती है उनका चेहरा खिल उठता है, जिससे हमें असीम शांति मिलती है आज हम सभी के द्वारा कंबल व कपड़े का वितरण किया गया।



# संपादकीय

## अब और बढ़ेगी महंगाई की मार तेल-दवा-पढ़ाई और यात्रा पर सीधा असर, रुपये में आई भारी गिरावट



रुपये की कीमत गिरने का असर सीधे-सीधे आम उपभोक्ता की जेब पर पड़ता है। पहले ही लोग महंगाई की मार झेल रहे हैं, अब यह और बढ़ जाएगी। डॉलर के मुकाबले रुपए की कीमत में गिरावट से अर्थव्यवस्था को एक और झटका लगा है। चालू वित्तवर्ष की दूसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद घट कर 5.4 फीसद पर आ गया। उसमें सबसे बुरी गत विनिर्माण और आठ प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों की रही। थोक और खुदरा महंगाई अपने उच्च स्तर पर बनी हुई हैं। विदेशी मुद्रा भंडार लगातार कम हो रहा है। ऐसे में डालर के मुकाबले रुपए की कीमत अब तक के सर्वाधिक निचले स्तर 84.76 पर पहुंच जाने से स्वाभाविक ही चिंता बढ़ गई है। रुपए की कीमत गिरने का असर सीधे-सीधे आम उपभोक्ता की जेब पर पड़ता है। पहले ही लोग महंगाई की मार झेल रहे हैं, अब यह और बढ़ जाएगी। इसलिए कि कच्चे तेल से लेकर खाने के तेल, दवाओं के लिए कच्चा माल आदि बहुत कुछ बाहर से मंगाना पड़ता है, जिसका भुगतान डालर में करना पड़ता है। फिर विदेश यात्रा और विदेशों में पढ़ाई कर रहे छात्रों पर भी खर्च का बोझ बढ़ जाएगा।

रुपए की कीमत गिरने की बड़ी वजह फिलहाल डालर के मजबूत होने और नवनिर्वाचित अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ब्रिक्स देशों को डालर का उपयोग न करने पर सौ फीसद शुल्क लगाने की चेतावनी बताई जा रही है। पर लंबे समय से रुपए की कीमत में नरमी का रुख बना हुआ है। कहा जा रहा था कि सरकार विदेशी मुद्रा भंडार के जरिए इस नरमी को कम करने का प्रयास करती रही, मगर नाकाम साबित हुई है। इसकी एक वजह बढ़ती महंगाई है, जो रिजर्व बैंक के ऊंची रेपो दर लागू करने के बावजूद काबू में नहीं आ रही। फिर, जब से अमेरिकी डालर मजबूत होना शुरू हुआ है और ट्रंप राष्ट्रपति चुने गए हैं, विदेशी निवेशकों ने भारत से अमेरिका की तरफ रुख कर लिया है। निर्यात में बढ़ोतरी लाना सरकार के सामने बड़ी चुनौती है। मगर फिर भी हकीकत से आंखें चुराने की कोशिश ही देखी जाती है। जब केंद्र में यूपीए सरकार थी, तब भाजपा कहते न थकती थी कि रुपए की गिरती कीमत उसका इकबाल गिरने की निशानी है। मगर विचित्र है कि वह खुद इसे संभाल नहीं पा रही।

# तनावपूर्ण जिंदगी जीने के आदी होते जा रहे लोग, चिंता की गुत्थियां को समझना टेढ़ी खीर

**सुविधापरस्ती की अंधाधुंध होड़ के बीच चिंता और उससे उपजे तनाव की बात भी जोर-शोर से चल रही है। ढेरों प्रश्न उठाए जा रहे हैं कि चिंता क्या है, चिंता होती क्यों है, इसके क्या कारण हैं, इससे कैसे दूर रहा जाए? इन्हें समझना इतना कठिन क्यों है? चिंतक भी चिंता में हैं। वे समझाते हैं कि चिंतन ही चिंता से बचने का उपाय है। चिंतन की गहराई में उतरे बिना चिंता को नहीं समझा जा सकता है। परेशान लोग नए प्रश्नों और शंकाओं की झड़ी लगा देते हैं। चिंतन में कैसे उतरा जाए? क्या चिंता से चिंतन में उतरा जा सकता है? दरअसल, चिंता जैसी गूढ़ गुत्थी सुलझाना और जान पाना सदैव अधूरा ही है। यों चिंताओं को जानना बहुत आसान मालूम पड़ता है। चिंताएं हर व्यक्ति को होती हैं। हमारे इर्द-गिर्द चिंता की कमी नहीं है। वे बहुतायत में व्याप्त हैं। इसलिए ऐसा मान लिया जाता है कि हम चिंताओं को बखूबी जानते हैं।**



चिंता से बचने के उपाय व्यक्ति को खुद ही खोजने होंगे। सामान्य तौर पर जो हमारी पहुंच या नजरों से परे है, वही चिंता के कारण होते हैं। अधिकतर चिंताओं का संबंध भूत और भविष्य से हुआ करता है। भूतकाल बीत चुका है, भविष्य अनदेखा है। आज पूरी दुनिया द्रुत गति से विकसित हो रही है। आर्थिक संपन्नता के साथ-साथ लोग सुविधा संपन्न भी हो गए हैं। सुविधापरस्ती की अंधाधुंध होड़ के बीच चिंता और उससे उपजे तनाव की बात भी जोर-शोर से चल रही है। ढेरों प्रश्न उठाए जा रहे हैं कि चिंता क्या है, चिंता होती क्यों है, इसके क्या कारण हैं, इससे कैसे दूर रहा जाए? इन्हें समझना इतना कठिन क्यों है? चिंतक भी चिंता में हैं। वे समझाते हैं कि चिंतन ही चिंता से बचने का उपाय है। चिंतन की गहराई में उतरे बिना चिंता को नहीं समझा जा सकता है। परेशान लोग नए प्रश्नों और शंकाओं की झड़ी लगा देते हैं। चिंतन में कैसे उतरा जाए? क्या चिंता से चिंतन में उतरा जा सकता है? दरअसल, चिंता जैसी गूढ़ गुत्थी सुलझाना और जान पाना सदैव अधूरा ही है। यों चिंताओं को जानना बहुत आसान मालूम पड़ता है। चिंताएं हर व्यक्ति को होती हैं। हमारे इर्द-गिर्द चिंता की कमी नहीं है। वे बहुतायत में व्याप्त हैं। इसलिए ऐसा मान लिया जाता है कि हम चिंताओं को बखूबी जानते हैं। मगर ऐसा नहीं है। दुनिया में कई लोग, न केवल चिंताओं से घिरे हुए हैं, बल्कि उसकी कैद में दिखाई पड़ते हैं। वे परेशान हैं, छटपटा रहे हैं, चिंता से मुक्ति का मार्ग खोज रहे हैं। बाबाओं के चक्कर काट रहे हैं, नींद की गोलियां फांक रहे हैं, नशे का सहारा ले रहे हैं। उनकी हंसी कहीं खो गई है। हल्की-सी मुस्कान भी होंठों पर नहीं तैरती दिखती। चेहरे पर खुशी नहीं झलकती। मानो उनकी हंसी, खुशी और मुस्कुराहटों पर चिंताओं की पहरेदारी बैठा दी गई हो! आधुनिकता की भागदौड़ से भरी जीवनचर्या में चिंता का होना स्वाभाविक लगता है। लोग चिंता में घिरे तनावपूर्ण जिंदगी जीने के आदी होते जा रहे हैं और असमय काल के गाल में समा जाते हैं। आज पत्र-पत्रिकाएं, टीवी, इंटरनेट और सोशल मीडिया भी चिंता को लेकर चिंता में दिखते हैं। ये सिखाने में जुटे हैं कि चिंता से कैसे बचें! इनमें हर बार वही बातें, विन्यास, चिंतकों के वही उद्धरण, बचाव के वही तरीके और उपाय दोहराए जाते हैं, लेकिन लोगों के जीवन से चिंता कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। वे और भी घनीभूत हो रही हैं। वाट्सऐप, इंस्टाग्राम और यूट्यूब जैसे सोशल मीडिया के मंच ऐसे कथित ज्ञान से अटे पड़े हैं। ये मंच ऐसे ज्ञान को बांटने के मामले में अग्रणी हैं। इनमें सहारा खोजते लोग समय बे-समय चिंताओं से निपटने के ज्ञान को एक-दूसरे को बांट भी रहे हैं। इसके बावजूद न चिंता कम होती दीख रही है और न ही किसी के समझ में आती है! चिंता को समझना टेढ़ी खीर है। इसे ठीक-ठीक समझना भी मानो चिंता का ही विषय है। चिंता निराकार होती है। इसका कोई रूप या आकार-प्रकार नहीं होता। इसकी कोई भौतिक अवस्था नहीं है। इसे छूकर देखना संभव नहीं है। फिर भी इसके बारे में बड़े मजेदार तथ्य हैं। चिंताएं छोटी-बड़ी होती है। जरूरी नहीं है कि जो विषय किसी एक व्यक्ति के लिए चिंता का कारण है, वह दूसरे के लिए भी दुखदायी हो। दूसरे व्यक्ति के लिए वह प्रसन्नता का विषय भी हो सकता है! एकांत में रहने वाले लोग भीड़ की चिंता करते हैं, जबकि भीड़भाड़ में रहने वाला व्यक्ति एकांत से डरता है। हमारे आसपास ऐसे अनेक परिवार हैं, जिनके बच्चे अमेरिका में रहते हैं। एक परिवार के मुखिया अपने बच्चों के पास विदेश में इसलिए नहीं रह पाते कि उन्हें अकेलेपन से डर लगता है। वहां की जीवनशैली ऐसी है। वे वहां दो महीने रुकने की योजना के साथ निकलते हैं और हफ्ते दस दिन में उकताने लगते हैं। वहीं दूसरे परिवार के दंपति पूरे छह महीने रुककर आनंद का अनुभव करते हैं। उन्हें वहां की सुकून और शांति रास आती है। छह महीने में अपने देश लौटते हुए बहुत उदास हो जाते हैं। बहरहाल, चिंता से बचने के उपाय व्यक्ति को खुद ही खोजने होंगे। सामान्य तौर पर जो हमारी पहुंच या नजरों से परे है, वही चिंता के कारण होते हैं। अधिकतर चिंताओं का संबंध भूत और भविष्य से हुआ करता है। भूतकाल बीत चुका है, भविष्य अनदेखा है। इन्हें कुछ किया नहीं जा सकता है, सिवा सोचने के। बस चिंता की जा सकती है। इसलिए चिंता से बचने के लिए वर्तमान में जीने की बात कही जाती रही है। मान लिया जाए कि हम किसी हाइवे या उच्च मार्ग पर चल रहे हैं। मार्ग से गुजरते हुए पीछे किसी दुर्घटना पर नजर पड़ जाए. तो आगे रास्तों में स्वाभाविक तौर पर अफरातफरी होगी। पुलिस व्यवस्था की गहमागहमी हो सकती है। ऐसी स्थिति में आगे और पीछे की बातें ध्यान में रखी जा सकती हैं, उसकी चिंता में घुलने की जरूरत नहीं। रास्ते में जहां तक नजर जाती है, उसे सोचना चाहिए। जो दिख रहा, उसके प्रति सचेत रहा जाए। यही चिंता से मुक्ति का मार्ग है। वर्तमान के प्रति चेतना, यही साक्षी भाव है। चिंता को मिटाना जरूरी काम को निपटाने से होगा। अगर प्रयास के बाद भी काम न निपटे तो यह परिस्थितिजन्य हुआ। इसे स्वीकार करना चाहिए। सही समय की प्रतीक्षा करना चाहिए। यही अपने हाथ में है। बहुत-सी गैर जरूरी चिंताओं से मुक्त होने की बात कही गई है। दरअसल, व्यक्ति की कुल चिंताओं में से गैरजरूरी चिंताओं का अनुपात ही ज्यादा होता है। असल चिंताएं कम होती हैं। बेमतलब की चिंता को त्यागने की जरूरत है। बस वर्तमान का ध्यान रखा जाए। अच्छे पठन-पाठन से भी चिंताओं से बचा जा सकता है। सुलझी सोच के लोग चिंता में नहीं घुलते, चिंताओं से नहीं घिरते, क्योंकि यह चिंता की बात है।

# याद रहे अंबेडकर की चेतावनी

करीब 80 से अधिक संविधानों का अवलोकन करने के बाद मैं यही कहूंगा कि लोकतत्र के आधारभूत अवयव और धार्मिक एवं भाषाई अल्पसंख्यकों के लिए जैसे मूल अधिकार भारतीय संविधान प्रदान करता है वैसे कहीं अन्यत्र नहीं मिलते। अल्पसंख्यक अधिकारों की बात करें तो अनुच्छेद 14 15 16 19 के अतिरिक्त अनुच्छेद 252629 और 30 ये अधिकार प्रदान करते हैं। संविधान की 75वीं वर्षगांठ पर संसद में उस पर व्यापक चर्चा को लेकर पक्ष-विपक्ष में सहमति कायम हो गई है। देखना है कि इस चर्चा का क्या स्तर रहता है। यह वर्ष संविधान को लेकर बहुत चर्चित रहा। लोकसभा चुनावों में विपक्ष द्वारा संविधान को बदलने का जो शिगूफा छेड़ा गया था, वह कुछ हद तक जनता को बरगलाने में सफल रहा। संविधान को लेकर किसी भी दुष्प्रचार पर भरोसा नहीं किया जाना चाहिए, क्योंकि विश्व के सबसे विविधतापूर्ण एवं जीवंत लोकतंत्र में अपनी अभी तक की यात्रा के दौरान हमारे संविधान ने हर परीक्षा उत्तीर्ण की है। निस्संदेह 75 वर्षों की यह संवैधानिक यात्रा कई उतार-चढ़ावों से गुजरी है, लेकिन इसी राह पर चलते हुए देश ने प्रत्येक क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की और आज विश्व की पांच सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो गया है। विभिन्न अध्ययनों ने दर्शाया है कि भारतीय संविधान सबसे टिकाऊ है। इसके पीछे संविधान के लचीलेपन एवं अनुकूलता जैसे गुण हैं। यह अन्य संविधानों की तरह जड़ता से ग्रस्त नहीं। कुछ पश्चिमी विद्वान संविधान में व्यापक संशोधनों को लेकर जरूर मखौल उड़ाते हैं, लेकिन वे इससे अनभिज्ञ हैं कि उसके लचीलेपन ने ही संविधान के अस्तित्व को अक्षुण्ण बनाए रखने के साथ ही भारत की एकता सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाई। असल में पश्चिम के लोग नहीं, बल्कि भारतीय ही यह कला एवं कौशल जानते हैं कि अपनी समस्याओं को कैसे सुलझाया जाए। भारतीय संविधान के स्थायित्वपूर्ण तत्व को शोधार्थियों ने बखूबी स्थापित किया है। शिकागो विश्वविद्यालय में ला स्कूल द्वारा 'लिखित संविधानों का जीवनकाल' शीर्षक से प्रकाशित एक पत्र के अनुसार संविधान बहुत समय तक नहीं चलते। अधिकांश संविधानों का जीवनकाल 15 से 19 वर्षों का होता है। औसत जीवनकाल 17 साल बताया गया है। अध्ययन के अनुसार, 'करीब आधे संविधान 18 साल तक खत्म हो जाते हैं और 50 वर्ष के पड़ाव तक केवल 19 प्रतिशत ही कायम रह पाते हैं। उनके जल्द दम तोड़ देने की दर काफी अधिक है। करीब सात प्रतिशत संविधान अपना दूसरा साल नहीं देख पाते।' इस लिहाज से देखा जाए तो हमारे संविधान द्वारा 75 साल का पड़ाव पार करना बहुत कुछ कहता है। करीब 80 से अधिक संविधानों का अवलोकन करने के बाद मैं यही कहूंगा कि लोकतत्र के आधारभूत अवयव और धार्मिक एवं भाषाई अल्पसंख्यकों के लिए जैसे मूल अधिकार भारतीय संविधान प्रदान करता है, वैसे कहीं अन्यत्र नहीं मिलते। अल्पसंख्यक अधिकारों की बात करें तो अनुच्छेद 14, 15, 16, 19 के अतिरिक्त अनुच्छेद 25,26,29 और 30 ये अधिकार प्रदान करते हैं। यह एक तथ्य है कि प्राचीन लोकतंत्रों में किसी मत को मानने का अधिकार तो है, किंतु मत का प्रचार-प्रसार मूल अधिकारों में शामिल नहीं। भारत की संविधान सभा में कुछ ईसाई सदस्यों ने इसके पक्ष में दलील दी कि मत प्रचार ईसाइयत के केंद्र में है और उसे मूल अधिकार के रूप में मान्यता दी ही जानी चाहिए। नेहरू, सरदार पटेल और अन्य लोगों ने इस तर्क को स्वीकार कर लिया। इसमें भी अनुच्छेद 28 उल्लेखनीय है जो राज्य निधि से पूर्णतः पोषित किसी शिक्षा संस्थान में धार्मिक शिक्षा के प्रसार को प्रतिबंधित करता है। इसके पीछे सरकारी स्कूलों में हिंदू बहुसंख्यकों के धर्म प्रचार को अवरुद्ध करने की मंशा थी। एक राष्ट्र के रूप में भारत के चरित्र पर दृष्टि डालें तो वह सभ्यतागत रूप से पंथनिरपेक्ष एवं लोकतांत्रिक प्रकृति वाला रहा है। इसके पर्याप्त साक्ष्य ऋग्वेद से लेकर तमाम अन्य धार्मिक ग्रंथों में मिलते हैं। हालांकि, ब्रिटिश राज और हमारी राजनीति के नेहरू युग में भारतीयों के दिमाग में यही भरा गया कि हमने ये विचार ब्रिटेन और अमेरिका से लिए हैं। भारत में हजारों वर्ष पुरानी लोकतांत्रिक परंपराओं से जुड़े साक्ष्यों के आलोक में ऐसी धारणा को चुनौती दी जानी चाहिए। संविधान की प्रारूप समिति के प्रमुख डा. भीमराव आंबेडकर ने भी ऐसा किया था। उन्होंने यह भी कहा था कि केवल राजनीतिक लोकतंत्र ही कारगर नहीं रह सकता। उसका दायरा सामाजिक एवं आर्थिक लोकतंत्र तक विस्तारित होना चाहिए। इस लक्ष्य की पूर्ति हेतु उन्होंने एवं उनकी प्रारूप समिति ने राज्य को निर्देश हेतु राज्य के नीति निर्देशक तत्वों को आकार दिया। केंद्र और राज्यों की सरकारों ने भी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से इसे नए आयाम दिए। मिसाल के तौर पर मोदी सरकार ने 10 करोड़ से अधिक घरों को जल से नल, एलपीजी गैस और शौचालय जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं। राज्य सरकारें भी अपनी योजनाएं चला रही हैं। यह दर्शाता है कि हमारी सरकारों ने सामाजिक एवं आर्थिक लोकतंत्र से लेकर सभी नागरिकों को समान अवसर प्रदान करने में डा. आंबेडकर की सलाह को कितनी गंभीरता से आत्मसात किया है। पूर्णतः लोकतंत्र की कसौटी पर खरा उतरने के लिए किसी राष्ट्र में आठ अपरिहार्य तत्व होने चाहिए। ये आठ पहलू हैं-अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, अंतरात्मा की स्वतंत्रता और मूल स्वतंत्रता एवं मौलिक अधिकारों के प्रति अटूट प्रतिबद्धता, पंथनिरपेक्षता के प्रति कटिबद्धता, राज्य और पंथ-मजहब का पृथक्करण, सरकार का गणतांत्रिक स्वरूप, विधि के समक्ष समता एवं विधि का समान संरक्षण, प्राण एवं दैहिक स्वतंत्रता का अधिकार, लैंगिक समानता और सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार। इस पर गर्व की अनुभूति होनी चाहिए कि भारतीय संविधान इन सभी कसौटियों पर खरा उतरता है। यही गुण उसे अन्य संविधानों पर बढ़त दिलाते हैं। अपनी सफल संवैधानिक यात्रा के बीच हमें संविधान शिल्पी डा. आंबेडकर की चेतावनी भी सदैव याद रखनी चाहिए। डा. आंबेडकर ने चेताया था कि हमें असंवैधानिक तौर-तरीकों, सविनय अवज्ञा और तथाकथित क्रांति से बचना चाहिए। वह इसे लेकर आश्वस्त थे कि संविधान कारगर होने के साथ ही इतना मजबूत एवं लचीला है कि वह देश को एकजुट रखने में सफल होगा। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा था कि अगर चीजें बिगड़ती हैं तो उसका कारण यह नहीं होगा कि हमने खराब संविधान दिया, बल्कि यह कहना होगा कि उसका पालन करने वाले अच्छे नहीं। एक ऐसे दौर में जब हमारे नेता हमें जाति जैसे विभिन्न विभाजक बिंदुओं पर विभाजित करने के प्रयासों में जुटकर विभिन्न मोर्चों पर हमारी सफलता को खारिज करने में लगे हैं तो हमें डा. आंबेडकर के इन शब्दों को सवैद याद रखना होगा।

(लेखक लोकतांत्रिक मामलों के विशेषज्ञ एवं वरिष्ठ स्तंभकार हैं।)

# हिंद-प्रशांत क्षेत्र में ड्रैगन की सक्रियता से दुनिया भर में बढ़ी चिंता

**मगर लंबे समय से पाकिस्तान और चीन के रवैये की वजह से सीमा पर अक्सर तनाव और टकराव के हालात पैदा होते रहे हैं और उसके लिए कौन जिम्मेदार रहा है, वह अब दुनिया जानती है। बिना किसी उकसावे के चीन वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास जिस तरह की गतिविधियां चलाता है, उसे किसी भी कसौटी पर उचित नहीं कहा जा सकता। भारत कूटनीतिक स्तर पर इस मसले को अक्सर उठाता रहा है। समय-समय पर होने वाली बातचीत के बाद कुछ समय तक सीमा पर शांति की स्थिति दिखती है, मगर फिर चीन की ओर से कोई न कोई ऐसी गतिविधि शुरू हो जाती है, जिससे उसकी मंशा पर संदेह होता है।**

भारत को लेकर चीन का रवैया अब तक भरोसेमंद नहीं रहा है। अक्सर भारत और चीन के बीच बातचीत में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर शांति कायम रखने और एक-दूसरे के क्षेत्र में किसी भी तरह की गतिविधियां या दखलअंदाजी न करने पर सहमति बनती है, मगर कुछ समय बाद चीन के पांव फिर बहकने लगते हैं। अपने पड़ोसी देशों के साथ संबंधों को सहज और शांतिपूर्ण रखने के लिए भारत ने न केवल अपनी ओर से हर स्तर पर पहल की है, बल्कि कई बार विपरीत स्थितियों में भी सकारात्मक रुख दिखाया है। मगर लंबे समय से पाकिस्तान और चीन के रवैये की वजह से सीमा पर अक्सर तनाव और टकराव के हालात पैदा होते रहे हैं और उसके लिए कौन जिम्मेदार रहा है, वह अब दुनिया जानती है। बिना किसी उकसावे के चीन वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास जिस तरह की गतिविधियां चलाता है, उसे किसी भी कसौटी पर उचित नहीं कहा जा सकता। भारत कूटनीतिक स्तर पर इस मसले को अक्सर उठाता रहा है। समय-समय पर होने वाली बातचीत के बाद कुछ समय तक सीमा पर शांति की स्थिति दिखती है, मगर फिर चीन की ओर से कोई न कोई ऐसी गतिविधि शुरू हो जाती है, जिससे उसकी मंशा पर संदेह होता है। ज्यादा दिन नहीं बीते हैं, जब भारत और चीन के बीच बातचीत के बाद कई सकारात्मक पहलकदमियां हुईं और शांति बहाली की उम्मीद जगी। इसके तहत वास्तविक नियंत्रण रेखा पर अपने सैनिकों को पीछे लौटाने के कदम उठाए गए। मगर पिछले कुछ वर्षों में भारत को लेकर चीन का जैसा रुख सामने आया है, उसके मद्देनजर यह आशंका लगातार बनी हुई है कि दोनों देशों के बीच तनाव के हालात में सुधार की स्थितियां कब तक बनी रहेंगी। अब हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती सैन्य आक्रामकता ने बहुस्तरीय तनाव में बढ़ोतरी की है। वास्तविक नियंत्रण रेखा पर फिलहाल शांति को भारत राहत के रूप में देख सकता है, लेकिन अगर हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की गतिविधियों की वजह से दुनिया भर में चिंता बढ़ रही है, तो यह भारत के लिए भी सचेत रहने का वक्त है। शायद यही वजह है कि वैश्विक स्तर पर बढ़ती चिंता की पृष्ठभूमि में नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने सोमवार को कहा कि पूर्वी लद्दाख में भारतीय और चीन की सेना के बीच गतिरोध भले खत्म हुआ है, मगर हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की मंशा नहीं बदली है। उस क्षेत्र और दक्षिण चीन सागर में चीन की सैन्य ताकत का प्रदर्शन भारत के लिए चिंता का विषय है। यह हकीकत है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चीन खुद को इस रूप में पेश कर रहा है, जिसमें उसे दुनिया की सबसे बड़ी शक्ति के तौर पर देखा-माना जाए। यह उसकी अपनी स्थितियों के अनुकूल हो सकता है, लेकिन इस क्रम में वह अपने पड़ोसी देशों की संप्रभुता का हनन या उनके सामने जोखिम पैदा करके करना चाहता है, तो यह हर लिहाज से गलत है। सवाल है कि अरुणाचल प्रदेश में उसकी गतिविधियों को किस रूप में देखा जाएगा और उसके क्या कारण हैं? भारत अगर सीमा से संबंधित विवाद के सभी प्रश्नों का हल करना चाहता है, तो चीन को इस पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देनी चाहिए और अपनी ईमानदार इच्छाशक्ति के साथ शांति के लिए बनी सहमति पर अमल करना चाहिए।

# राजमार्गों पर अतिक्रमण, संसद में पेश हुई चौंकाने वाली रिपोर्ट

**यह जानना निराशाजनक है कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर अवैध कब्जे और अतिक्रमण को लेकर उदासीनता का परिचय दिया जा रहा है। हाल में संसद में दी गई एक जानकारी के अनुसार पिछले तीन वर्षों में राजमार्गों पर अतिक्रमण के मामलों में न तो किसी पर कोई मामला दर्ज किया गया और न ही कोई जुर्माना वसूला जा सका। इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि राजमार्गों पर होने वाले कब्जे एवं अतिक्रमण को हटाने का काम होता रहता है, क्योंकि ऐसा करने वालों के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई न होने से वे फिर से राजमार्गों को बाधित करने आ जाते हैं।**

देश में राजमार्गों पर अतिक्रमण के मामले में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय केवल राज्य सरकारों को दोष नहीं दे सकता क्योंकि प्रश्न यह है कि उसकी अपनी एजेंसियां क्या कर रही हैं? किसी राजमार्ग पर अवैध कब्जे या अतिक्रमण को हटाकर कर्तव्य की इतिश्री इसलिए नहीं की जानी चाहिए क्योंकि इसकी गारंटी नहीं कि वहां फिर से अतिक्रमण नहीं होगा। यह जानना निराशाजनक है कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर अवैध कब्जे और अतिक्रमण को लेकर उदासीनता का परिचय दिया जा रहा है। हाल में संसद में दी गई एक जानकारी के अनुसार पिछले तीन वर्षों में राजमार्गों पर अतिक्रमण के मामलों में न तो किसी पर कोई मामला दर्ज किया गया और न ही कोई जुर्माना वसूला जा सका। इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि राजमार्गों पर होने वाले कब्जे एवं अतिक्रमण को हटाने का काम होता रहता है, क्योंकि ऐसा करने वालों के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई न होने से वे फिर से राजमार्गों को बाधित करने आ जाते हैं। इसका पता चलता इससे चलता है कि इस वर्ष मध्य प्रदेश में राजमार्गों से 1866 अवैध कब्जे हटाए गए, महाराष्ट्र में 1062 और गुजरात में 1153। इसी तरह एनसीआर से 92 अवैध कब्जे हटाने पड़े। क्या कोई यह दावा करने की स्थिति में है कि ये अवैध कब्जे फिर से नहीं हुए होंगे? भरी-पूरी आशंका यही है कि इनमें से कुछ कब्जे फिर से हो गए होंगे। समझना कठिन है कि राजमार्गों को बाधित करने वालों के खिलाफ इतनी उदारता क्यों बरती जा रही है? यह समझा जाना चाहिए कि राजमार्गों पर अतिक्रमण और अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई किए बिना आवागमन को सुगम बनाए रखना संभव नहीं। जब राजमार्ग अतिक्रमण और अवैध कब्जे का शिकार होते हैं तो केवल यातायात ही बाधित नहीं होता, बल्कि दुर्घटनाओं का जोखिम भी बढ़ता है। यह एक तथ्य है कि राजमार्गों पर होने वाली दुर्घटनाएं और उनमें मरने एवं घायल होने वालों की लगातार संख्या बढ़ रही है। राजमार्गों पर अतिक्रमण के मामले में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय केवल राज्य सरकारों को दोष नहीं दे सकता, क्योंकि प्रश्न यह है कि उसकी अपनी एजेंसियां क्या कर रही हैं? किसी राजमार्ग पर अवैध कब्जे या अतिक्रमण को हटाकर कर्तव्य की इतिश्री इसलिए नहीं की जानी चाहिए, क्योंकि इसकी गारंटी नहीं कि वहां फिर से अतिक्रमण नहीं होगा। अपने देश में तो स्थिति यह है कि यदि कहीं आज अतिक्रमण हटाया जाता है तो कल वह फिर से कायम हो जाता है। यह भी किसी से छिपा नहीं कि कई बार राजमार्गों पर अस्थायी अतिक्रमण होता है। व्यस्त समय में शहरी इलाकों में कई राजमार्गों के किनारे पर दुकानें लग जाती हैं या फिर आटो-टैंपों और बसें सवारियां उतारने-चढ़ाने का काम करने लगती हैं। इस पर तब तक कोई ध्यान नहीं देता, जब तक लंबा जाम न लग जाए या फिर कोई हादसा न हो जाए। यह ठीक है कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने अपने क्षेत्रीय कार्यालयों के साथ हाईवे प्रशासन को अवैध कब्जे और अतिक्रमण की जांच के लिए राजमार्गों के निरीक्षण का निर्देश दिया है, लेकिन ऐसे किसी निर्देश की तो जरूरत ही नहीं पड़नी चाहिए थी, क्योंकि यह देखना तो उनका प्राथमिक दायित्व है कि राजमार्गों में किसी तरह की कोई बाधा न खड़ी होने पाए।



# आईसीसी रैंकिंग में शतक के बावजूद जायसवाल को हुआ नुकसान, विराट कोहली को भी लगा झटका

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शतकीय पारी के बावजूद यशस्वी जायसवाल को ताजा टेस्ट रैंकिंग में नुकसान हुआ है। उनके अलावा विराट कोहली को भी झटका लगा है। अब वह एक स्थान के नुकसान के साथ 14वें पायदान पर पहुंच गए हैं। टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की बादशाहत बरकरार है। वह शीर्ष स्थान पर काबिज हैं।



**जायसवाल और विराट को लगा झटका**

भारतीय टीम फिलहाल ऑस्ट्रेलिया दौरे पर है। पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला खेला जा चुका है। पर्थ में खेले गए इस मैच में टीम इंडिया ने 295 रनों से जीत दर्ज की। इस मुकाबले में शतकीय पारियां खेलने वाले यशस्वी जायसवाल और विराट कोहली को आईसीसी की ताजा रैंकिंग में नुकसान झेलना पड़ा है। 22 वर्षीय बल्लेबाज ने दूसरी पारी में 15 चौके और तीन छक्के की मदद से 161 रन की पारी खेली थी। वहीं, विराट कोहली ने 100* रन बनाए थे। टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में जायसवाल 825 रेटिंग प्वॉइंट्स के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गए। उन्हें दो स्थान का नुकसान हुआ है। अब उनकी जगह इंग्लैंड के हैरी ब्रूक दूसरे पायदान पर पहुंच गए हैं। वहीं, किंग कोहली 689 रेटिंग प्वॉइंट्स के साथ 14वें नंबर पर पहुंच गए।

**शीर्ष 10 में सिर्फ दो भारतीय बल्लेबाज**

पर्थ टेस्ट में ऋषभ पंत का बल्ला कुछ खास नहीं चला। पहली पारी में उन्होंने 37 और दूसरी पारी में सिर्फ एक रन बनाया। हालांकि, इससे उनकी रैंकिंग पोजीशन में कोई खास प्रभाव नहीं पड़ा। वह 736 रेटिंग प्वॉइंट्स के साथ छठे पायदान पर काबिज हैं। शीर्ष पंत और जायसवाल ही दो भारतीय बल्लेबाज हैं।

**बुमराह का जलवा बरकरार**

टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की बादशाहत बरकरार है। वह 883 रेटिंग प्वॉइंट्स के साथ शीर्ष पर बने हुए हैं। उनके अलावा शीर्ष 10 में रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा हैं। बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले गए पहले मैच में कुल आठ विकेट चटकाए थे। वहीं, अश्विन को इस मैच में आराम मिला था। वह चौथे पायदान पर बने हुए हैं। दिग्गज स्पिनर रवींद्र जडेजा को एक स्थान का लाभ हुआ है और वह छठे पायदान पर पहुंच गए हैं। उनके खाते में 794 अंक हैं।

# 19 एशिया कप-13 साल के वैभव ने 6 छक्के लगाए, आईपीएल में 1.1 करोड़ में बिके थे

**नई दिल्ली।** भारत ने अंडर-19 एशिया कप में यूएई को 10 विकेट से हरा दिया। इसी के साथ भारतीय टीम सेमीफाइनल में पहुंच गई है। शारजाह के मैदान पर यूएई ने टॉस जीतकर बैटिंग करने का फैसला लिया। टीम 44 ओवर में 137 रन ही बना सकी। भारत की ओर से युद्धजीत गुहा ने 3 विकेट लिए।



जवाब में भारत ने बिना विकेट खोए 16.1 ओवर में 143 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। ओपनर वैभव सूर्यवंशी और आयुष म्हात्रे ने अर्धशतक लगाए। वैभव ने 46 बॉल पर 76 और आयुष ने 51 बॉल पर 67 रन बनाए। वैभव ने अपनी पारी में 6 छक्के और 3 चौके लगाए। वैभव को पिछले आईपीएल ऑक्शन में राजस्थान रॉयल्स ने 1.1 करोड़ रुपए में खरीदा था।

**वैभव ने छक्का लगाकर भारत को मैच जिताया**

13 साल के वैभव सूर्यवंशी पहले दो मैच में फ्लॉप रहे थे। इस मैच में उन्होंने अपनी पहली ही बॉल पर सिक्स लगाया। वैभव ने 32 गेंदों पर अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने 46 बॉल पर नाबाद 76 रन बनाए। पारी में 6 छक्के और 3 चौके भी लगाए। उन्होंने ओपनर आयुष म्हात्रे के साथ मिलकर 97 बॉल में 143 रन जोड़े। वैभव ने छक्का लगाकर भारत को मैच जिताया।

**आयुष ने 38 गेंदों पर फिफ्टी पूरी की**

आयुष म्हात्रे ने अपनी 67 रन की पारी में 4 चौके और 4 छक्के लगाए। उन्होंने 38 गेंदों पर अपनी फिफ्टी पूरी की। आयुष ने 51 बॉल का सामना किया और 131.37 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। यूएई की पूरी टीम 137 रन पर सिमट गई। मेजबान टीम 44 ओवर ही खेल पाई। यूएई की ओर से मुहम्मद रेयान ने सबसे ज्यादा 35 रन की पारी खेली जबकि ओपनर अक्षत राय 26 रन बनाकर आउट हुए। भारतीय टीम की ओर से युद्धजीत गुहा ने 3 विकेट झटके, जबकि चेतन शर्मा और हार्दिक राज ने 2-2 विकेट लिए। केपी कार्तिकेय और आयुष म्हात्रे को एक-एक विकेट मिला।



# किंग्स्टन टेस्ट- बांग्लादेश ने वेस्टइंडीज को 101 रन से हराया, 2 मैचों की सीरीज 1-1 से ड्रॉ

**किंगस्टन।** बांग्लादेश ने किंग्स्टन टेस्ट में वेस्टइंडीज को 101 रन से हरा दिया है। इस जीत से बांग्लादेशी टीम 2 मैचों की सीरीज 1-1 से ड्रॉ कराने में कामयाब हो गई है। टीम को पहले मुकाबले में 201 रन की पराजय झेलनी पड़ी थी। अब दोनों टीमों के बीच 8 दिसंबर से 3 वनडे और 3 टी-20 मैचों की सीरीज खेलेगी जाएगी। मुकाबले के चौथे दिन मंगलवार को बांग्लादेश ने 193/5 के स्कोर से खेलना शुरू किया। टीम ने दूसरी पारी में 268 रन बनाते हुए विंडीज को 287 रन का टारगेट दिया। जवाब में वेस्टइंडीज की टीम 185 रन पर ऑलआउट हो गई। पहली पारी में एक विकेट लेने वाले तैजुल इस्लाम ने दूसरी पारी में 5 विकेट झटके। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। वहीं, जॉयडन सिल्स प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे।

29 से अपनी पारी को आगे बढ़ाने वाले जाकेर अली 91 रन बनाए। उन्होंने मिडिल-लोअर ऑर्डर में तैजुल इस्लाम, हसन महमूद और नाहिद राणा के साथ अहम साझेदारियां करके टीम का स्कोर 268 रन पहुंचा दिया। जाकेर ने तैजुल इस्लाम के साथ 34, हसन महमूद के साथ 32 और नाहिद राणा के साथ 22 रनों की पार्टनरशिप की।



# सचिन ने बेटी सारा को बनाया अपने फांडेडेशन की डायरेक्टर, गरीब बच्चों की भलाई के लिए काम करता है तेंदुलकर फाउंडेशन

**नई दिल्ली।** पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा तेंदुलकर फाउंडेशन की नई डायरेक्टर बनाई गई हैं। यह फाउंडेशन गरीब बच्चों की भलाई से जुड़े काम करता है। इसकी जानकारी खुद सचिन ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए दी। इससे पहले सचिन की पत्नी अंजलि इस फाउंडेशन की डायरेक्टर थीं।

सचिन ने सोशल मीडिया पर लिखा, मुझे यह बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि मेरी बेटी सारा एसटीएफ में डायरेक्टर के रूप में शामिल हो गई हैं। उन्होंने यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन से क्लिनिकल एंड पब्लिक हेल्थ न्यूट्रिशन में मास्टर डिग्री हासिल की है।

**2019 में की हुई थी फाउंडेशन की शुरुआत**

सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन की शुरुआत साल 2019 में सचिन और उनकी पत्नी अंजलि तेंदुलकर ने की थी।

**सारा के इंस्टाग्राम पर 7.3 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर**

मुंबई में अपनी स्कूली शिक्षा पूरी करने वाली सारा तेंदुलकर सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय हैं। उनके इंस्टाग्राम पर 7.3 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर हैं। सारा पहले से ही एसटीएफ के कामों में सहयोग करती रही हैं।

# मैं कहीं भी खेल सकता हूं, बस प्लेइंग-11 में रहना चाहता हूं - केएल राहुल

**नई दिल्ली।** भारतीय बल्लेबाज केएल राहुल ने एडिलेड टेस्ट से 2 दिन पहले कहा है कि वे किसी भी पोजिशन पर बल्लेबाजी कर सकता हूं। बुधवार को राहुल से उनकी फेवरेट बैटिंग पोजिशन पर सवाल किया गया था। वे ओवल मैदान पर प्रैक्टिस के बाद मीडिया से बातचीत की।



32 साल के केएल राहुल से जब पूछा गया कि आप किस बैटिंग पोजिशन में सहज हैं तो उन्होंने कहा- कहीं भी...मैं पहले भी कह चुका हूं कि मैं बस प्लेइंग-11 में रहना चाहता हूं। टीम में आप मुझे कहीं भी फिट कर दीजिए। मैं बस टीम के लिए खेलना चाहता हूं।क्या आपको आपकी बैटिंग पोजिशन के बारे में बताया गया है... इस सवाल के जवाब में राहुल ने मुस्कुराते हुए कहा- हां, लेकिन यह भी कहा गया है कि मैं आप लोगों से शेयर न करूं। मैंने बैटिंग ऑर्डर में बदलाव के मेंटल चैलेंज से पार पा लिया है। मैंने कई स्थान पर बल्लेबाजी की है। इससे पहले यह थोड़ा चुनौतीपूर्ण था, न सिर्फ तकनीकी रूप से, बल्कि मानसिक रूप से भी। बल्लेबाजी क्रम बदलने से मैं सोचता था कि शुरुआती 20-25 गेंदों को कैसे खेलना है। मैं कितनी जल्दी आक्रामक हो सकता हूं मुझे कितना सावधान रहने की आवश्यकता है? ये चीजें थीं जो शुरू में मुश्किल थीं।

**राहुल की बैटिंग पोजिशन पर सवाल क्यों**

राहुल ने पर्थ टेस्ट में रोहित की गैरमौजूदगी में ओपनिंग की थी। उन्होंने पहली पारी में 74 बॉल 26 और दूसरी पारी में 176 बॉल पर 77 रन बनाए थे। उन्होंने दूसरी पारी में यशस्वी जायसवाल के साथ 201 रन की रिकॉर्ड ओपनिंग साझेदारी की थी।

अब कप्तान रोहित शर्मा टीम से जुड़ चुके हैं। उनके आने से सवाल उठ रहे हैं यशस्वी के साथ ओपन कौन करेगा? केएल राहुल या फिर रेग्युलर ओपनर रोहित शर्मा। यह सवाल इसलिए भी उठ रहा है कि रोहित शर्मा पिछली 5 पारियों से फिफ्टी नहीं लगा सके हैं। वे 39 रन की बना सके हैं।

**एक्सपर्ट्स ने कहा- राहुल ओपनिंग करें**

पर्थ टेस्ट के बाद कई क्रिकेट एक्सपर्ट्स भारत के बैटिंग ऑर्डर पर अपनी-अपनी राय दे रहे हैं। इस बीच अनुभवी बैटर चेतेश्वर पुजारा ने कहा था कि यशस्वी जायसवाल के साथ रोहित को ओपन करना चाहिए। साथ ही केएल राहुल को नंबर-3 पर भेजना चाहिए।

## व्यापार

# जियो-हॉटस्टार वेबसाइट का डोमेन अब वायकॉम 18 के पास दुबई के बच्चों ने दिया, दिल्ली के एप डेवलपर ने खरीदा था

नई दिल्ली। जियो हॉटस्टार वेबसाइट डोमेन को रिलायंस के स्वामित्व वाली वायाकॉम 18 मीडिया प्राइवेट लिमिटेड को ट्रांसफर कर दिया गया है। अपडेटेड डबलूएचओआईएस रिकॉर्ड इसकी पुष्टि करता है कि वायाकॉम 18 मीडिया प्राइवेट लिमिटेड डोमेन का नया मालिक है।




यह डोमेन भारत की दो सबसे बड़ी एंटरटेनमेंट और टेलीकॉम कंपनी रिलायंस जियो और डिज्नी+ हॉटस्टार की मर्जर ब्रांडिंग से जुड़ा हुआ है। दरअसल, दिल्ली के एक एप डेवलपर ने जियो हॉटस्टार डोमेन को खरीद लिया था और उसने डोमेन देने के बदले रिलायंस से 93,345 (लगभग 94 लाख रुपए) की मांग रखी थी।

रिलायंस की ओर से मांग नहीं मानने पर उस डेवलपर ने डोमेन को दुबई में रहने वाले दो बच्चों को बेच दिया था। उसके बाद दोनों बच्चों ने कहा था कि वह इस डोमेन को रिलायंस जियो को फ्री में ट्रांसफर कर देंगे, उनको इसके लिए कोई पैसा नहीं चाहिए। ऐप डेवलपर ने डोमेन को 2023 में खरीदा था जब जियोसेनेमा-हॉटस्टार के मर्जर की बातचीत ही शुरू हुई थी।

डबलूएचओआईएस डेटा से भी पता चला है कि डोमेन का स्वामित्व मुकेश अंबानी के स्वामित्व वाली वायकॉम 18 के पास है, जो 20 सितंबर, 2023 को पंजीकृत है और 20 सितंबर, 2026 तक वैध है, जिसका अंतिम अपडेट 2 दिसंबर, 2024 को दर्ज किया गया है। जीओ हॉटस्टार.कॉम के लिए रजिस्ट्रार, प्रशासनिक और तकनीकी संपर्क मनीष पेनुली के रूप में सूचीबद्ध है, जो वायकॉम 18 मीडिया प्राइवेट लिमिटेड का प्रतिनिधित्व करते हैं।

20 दिन पहले 14 नवंबर को डिज्नी स्टार इंडिया और रिलायंस के वॉयकॉम-18 का मर्जर हुआ है। इसमें डिज्नी हॉटस्टार और जियो सिनेमा भी शामिल हैं। इस मर्जर के बाद ये देश का सबसे बड़ा एंटरटेनमेंट नेटवर्क बन गया है। डिज्नी-रिलायंस एंटरटेनमेंट के पास अब 2 ओवर द टॉप यानी, ओटीटी और 120 चैनल के साथ 75 करोड़ दर्शक हो गए हैं। रिलायंस ने इस जॉइंट वेंचर के लिए 11,500 करोड़ रुपए का निवेश किया है। मर्जर की प्रोसेस बीते करीब एक साल से चल रही थी।

दोनों कंपनियों ने बयान जारी करते हुए कहा था- ये डील 70,352 करोड़ रुपए में हुई है। मर्जर के बाद बनी कंपनी में रिलायंस की 63.16 प्रतिशत और डिज्नी की 36.84 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी। इस नई कंपनी की चेयरपर्सन नीता अंबानी होंगी। वाइस चेयरपर्सन उदय शंकर होंगे। ये कंपनी को स्ट्रैटेजिक गाइडेंस देंगे।

# स्विगी इंस्टामार्ट से सामान मंगाना महंगा हो सकता है, कंपनी डिलिवरी चार्ज बढ़ाने पर कर रही विचार

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन ग्रॉसरी डिलीवर करने वाला प्लेटफॉर्म स्विगी इंस्टामार्ट से ऑर्डर करना अब महंगा हो सकता है। क्योंकि कंपनी हर ऑर्डर पर डिलीवरी चार्ज बढ़ाने की तैयारी कर रही है। स्विगी यह फैसला कंपनी को मुनाफे में लाने के प्लान के तहत कर रही है।इस बात की जानकारी मनीकंट्रोल ने कंपनी के चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर राहुल बोथरा के हवाले से दी है। कंपनी ने मंगलवार को वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही के नतीजों के ऐलान के दौरान सीएफओ ने बताया कि समय के साथ डिलीवरी चार्ज बढ़ोतरी की उम्मीद है। हालांकि, उन्होंने बदलाव आने के लिए कोई डेडलाइन नहीं दी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, डिलीवरी केवल स्विगी वन के लॉयल्टी प्रोग्राम वाले यूजर्स के लिए फ्री है। अन्य यूजर्स को एक डायनेमिक फीस का भुगतान करना होगा। इस सेक्टर में मार्केट लीडर जोमैटो की स्वामित्व वाला ब्लिंकिट हर ऑर्डर पर डिलीवरी फीस चार्ज करता है, इसका कोई लॉयल्टी प्रोग्राम नहीं है। वहीं, जेप्टो भी जेप्टो पास (लॉयल्टी प्रोग्राम) यूजर्स के लिए डिलीवरी चार्ज माफ करता है, लेकिन दूसरों से शुल्क वसूलता है, जैसा कि स्विगी इंस्टामार्ट करता है।




**दूसरी तिमाही में स्विगी को 626 करोड़ का घाटा**

ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म स्विगी को वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही में 626 करोड़ रुपए का नुकसान (कॉन्सोलिडेटेड नेट लॉस) हुआ है।

पिछले साल की समान तिमाही में कंपनी को 657 करोड़ रुपए का लॉस हुआ था। सालाना आधार पर कंपनी का घाटा 4.72 प्रतिशत कम हुआ है। कंपनी ने मंगलवार (3 दिसंबर) को क्यू2एफवाई25 के नतीजे जारी किए। जुलाई-सितंबर तिमाही में रेवेन्यू 30.33 प्रतिशत बढ़कर 3601 करोड़ रुपए रहा। जुलाई-सितंबर 2023-24 में कंपनी ने 2763 करोड़ रुपए का रेवेन्यू जनरेट किया था। वस्तुओं और सेवाओं को बेचने से होने वाली कमाई को रेवेन्यू या राजस्व कहा जाता है। स्विगी 13 नवंबर को शेयर बाजार में लिस्ट हुई थी, तब से अब तक इसके शेयर में 14.18 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

# उतार-चढ़ाव के बाद शेयर बाजार हरे निशान पर बंद सेंसेक्स 110 अंक ऊपर, निफ्टी सपाट

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन सेंसेक्स 110.58 अंक चढ़कर 80,956.33 पर और निफ्टी 10.30 अंक बढ़कर 24,467.45 पर बंद हुआ। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 6 पैसे गिरकर 84.74 (अनंतिम) के सर्वकालिक निचलने स्तर पर बंद हुआ।



**कैसी रही बाजार की चाल**

एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में खरीदारी और ताजा विदेशी फंड प्रवाह के कारण बेंचमार्क सेंसेक्स बुधवार को 110 अंक ऊपर चढ़ा। 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 110.58 अंक या 0.14 प्रतिशत बढ़कर 80,956.33 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 399.64 अंक या 0.49 प्रतिशत बढ़कर 81,245.39 अंक तक पहुंचा। दूसरी ओर, एनएसई निफ्टी 10.30 अंक या 0.04 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 24,467.45 अंक पर पहुंच गया।

**एचडीएफसी बैंक, बजाज फिनसर्व के शेयरों में दिखी मजबूती**

सेंसेक्स के 30 शेयरों में एचडीएफसी बैंक, बजाज फिनसर्व, एनटीपीसी, टाइटन, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टेक महिंद्रा, बजाज फाइनेंस और आईसीआईसीआई बैंक सबसे ज्यादा लाभ में रहे। भारती एयरटेल, टाटा मोटर्स, अदाणी पोर्ट्स, पावर ग्रिड, मारुति, आईटीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज और अल्ट्राटेक सीमेंट पिछड़ने वाले शेयरों में शामिल रहे। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक मंगलवार को खरीदार बन गए और उन्होंने 3,664.67 करोड़ रुपये मूल्य की इक्विटी खरीदी।

**एशियाई और यूरोपीय बाजारों में दिखा मिला-जुला रुख**

एशियाई बाजारों में टोक्यो में तेजी रही जबकि सियोल, शंघाई और हांगकांग में गिरावट दिखी। यूरोपीय बाजारों में ज्यादातर में तेजी रही। मंगलवार को अमेरिकी बाजार भी बहुत हद तक सकारात्मक दायरे में ही बंद हुआ। बुधवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण से पता चला है कि भारत की सेवा पीएमआई नवंबर में गिरकर 58.4 पर आ गई, जबकि इस क्षेत्र में रोजगार में मजबूत वृद्धि दर्ज की गई। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 0.34 प्रतिशत बढ़कर 73.91 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

# आईपीएल की ब्रांड वैल्यू 1 लाख करोड़ हुई, टीमों में चेन्नई सुपर किंग्स की वैल्यू सबसे ज्यादा

**नई दिल्ली।** दुनिया की सबसे पॉपुलर टी-20 क्रिकेट लीग आईपीएल की टोटल ब्रांड वैल्यू 13 प्रतिशत बढ़कर 12 बिलियन डॉलर यानी 1.01 लाख करोड़ रुपए पहुंच गई है। ब्रांड वैल्यूएशन करने वाली कंपनी ब्रांड फाइनेंस की नई रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। 2023 में पहली बार आईपीएल की टोटल ब्रांड वैल्यू 10 बिलियन डॉलर के पार गई थी। पिछले साल यह 10.7 बिलियन डॉलर रही थी। वहीं 2009 में वैल्यूएशन 2 बिलियन डॉलर यानी 16,943 करोड़ रुपए रही थी। ब्रांड फाइनेंस रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि आईपीएल की चार टीमों-चेन्नई सुपर किंग्स, मुंबई इंडियंस, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और कोलकाता नाइट राइडर्स की ब्रांड वैल्यू भी पहली बार 100 मिलियन डॉलर से ज्यादा हो गई है। आईपीएल की 10 टीमों में सीएसके की ब्रांड वैल्यू सबसे ज्यादा है। चेन्नई की वैल्यू 52 प्रतिशत बढ़कर 1,033 करोड़ रुपए हो गई है। वहीं ब्रांड वैल्यू के मामले में मुंबई दूसरे नंबर पर है, इसकी वैल्यूएशन 36 प्रतिशत बढ़कर 1,008 करोड़ रुपए पहुंच गई है।



आरसीबी 991 करोड़ रुपए (+67त) की ब्रांड वैल्यू के साथ तीसरे नंबर पर है। वहीं केकेआर 923 करोड़ रुपए की ब्रांड वैल्यू के साथ चौथे नंबर पर है। इस लिस्ट में एसआरएच पांचवें नंबर पर है।

**सनराइजर्स हैदराबाद की ब्रांड वैल्यू में सबसे ज्यादा ग्रोथ**

सभी टीमों में सनराइजर्स हैदराबाद की ब्रांड वैल्यू में सबसे ज्यादा ग्रोथ है। टीम की वैल्यूएशन 76 प्रतिशत बढ़कर 719 करोड़ रुपए हो गई है। यह लीग के बढ़ते इंटरनेशनल इंफ्लूएंस और फाइनेंशियल अचीवमेंट को दर्शाता है।

वहीं राजस्थान रॉयल्स की ब्रांड वैल्यू 30 प्रतिशत, दिल्ली कैपिटल्स की 24 प्रतिशत, पंजाब किंग्स की 49 प्रतिशत और लखनऊ सुपर जायंट्स की 29 प्रतिशत बढ़ी है। गुजरात टाइटंस की ब्रांड वैल्यू सबसे कम 5 प्रतिशत ही बढ़ी है।

# ग्रामीण अंचल के बेटे-बेटी खेल के क्षेत्र में स्थापित करेंगे नए आयाम : बिसाहू लाल सिंह

## - विधायक अनूपपुर ने ग्राम सकरा में आयोजित कार्यक्रम में 197.44 लाख रुपए से निर्माण होने वाले सकरा एवं महुदा के स्टेडियम कार्य का किया भूमि पूजन

(ब्यूरो राजेश शिवहरे)

**अनूपपुर।** विधायक अनूपपुर बिसाहू लाल सिंह ने कहा है कि हमारी सरकार खेल, स्वास्थ्य एवं शिक्षा हेतु प्रतिबद्ध है। ग्रामीण अंचल के बेटे-बेटियां खेल के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर सके इस हेतु ग्राम पंचायत सकरा एवं महुदा में स्टेडियम निर्माण कार्य का आज भूमि पूजन हो रहा है। स्टेडियम बन जाने से खेल के क्षेत्र में हमारे बेटे-बेटियों को बढ़ावा मिलेगा तथा इस क्षेत्र में स्टेडियम की जो कमी थी, वह भी पूरी हो जाएगी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार प्रतिबद्धता के आधार पर शिक्षा एवं स्वास्थ्य में भी नए-नए नवाचार कर रही है। ग्राम पंचायत सकरा एवं महुदा में स्टेडियम बन जाने से विद्यार्थी दौड़ सकेंगे, खेलकूद में भाग ले सकेंगे जिससे उनका मानसिक एवं शारीरिक विकास हो सकेगा तथा खेल के प्रति उनकी रुचि बढ़ेगी तथा खेल खेलने से शरीर स्वस्थ एवं दिमाग स्थिर रहता




है। विधायक अनूपपुर बिसाहू लाल सिंह आज ग्राम पंचायत सकरा में सकरा एवं महुदा में स्टेडियम निर्माण हेतु भूमि पूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक अनूपपुर ने कहा कि ग्राम पंचायत सकरा में मध्यप्रदेश की विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा परिवार निवास करती है, उन्हें स्वच्छ एवं साफ पेयजल मुहैया नहीं हो पा रही है, इस हेतु सकरा जलाशय से कैनाल बनाकर उन परिवारों के लिए पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी तथा महुदा ग्राम पंचायत में सामुदायिक भवन निर्माण की बात ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने कही थी, इस हेतु जिला पंचायत अनूपपुर को प्रस्ताव भिजवाया जाएगा तथा कार्य कराया जाएगा जिससे लोगों के जीवन को और अधिक सरल एवं सुगम बनाया जा सके। इस दौरान विधायक अनूपपुर बिसाहू लाल सिंह, अध्यक्ष जिला पंचायत प्रीति सिंह, उपाध्यक्ष जिला पंचायत पार्वती बाल्मीकि राठौर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने 197.44 लाख रुपए से निर्माण होने वाले सकरा एवं महुदा स्टेडियम निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। इस दौरान कार्यक्रम को अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती प्रीति सिंह एवं उपाध्यक्ष जिला पंचायत पार्वती वाल्मीकि राठौर ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तन्मय वशिष्ठ शर्मा, अध्यक्ष जनपद पंचायत जैतहरी राजीव सिंह, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत जैतहरी, सरपंच ग्राम पंचायत सकरा संतोष सिंह एवं सरपंच ग्राम पंचायत महुदा बाबूराम सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

# डेढ़ साल से फरार हत्या के आरोपी को बिजुरी पुलिस ने दबोचा

**अनूपपुर।** पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान द्वारा पुराने हत्या के प्रकरणो के फरार आरोपियों की पता तलाश के लिये सार्थक प्रयास किये जाने के निर्देश दिये गये थे जिसके अनुपालन में डेढ साल पुराने थाना बिजुरी के हत्या के प्रकरण 191/23 मे फरार आरोपी की पता तलाश के लिये विशेष टीम का गठन किया गया जिसके प्रयास से दिनांक 04.12.24 को आरोपी सुलेमान लकडा पिता शनीराम लकडा उम्र 54 वर्ष निवासी पत्तरा बेट केला महेशपुर थाना सीतापुर जिला सरगुजा छ.ग.को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।

घटना का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि दिनाक 19.06.23 को सूचनाकर्ता पूरन यादव पिता बाबूलाल यादव उम्र 49 वर्ष निवासी माईनस कालोनी क्वा. नंबर 602 सिंगल स्टोरी बिजुरी का थाना उपस्थित आकर इस आशय की सूचना दिया कि छोटेलाल सिंह गोड के साथ लकडा नाम का व्यक्ति मार-पीट किया है जिससे उसकी मृत्यु हो गयी है जिस पर थाना बिजुरी मे अपराध क्रमाकं 191/23 धारा 302




ताहि का पंजीबद्ध कर विवेचना की गयी। इस प्रकरण मे बिजुरी पुलिस के समक्ष दोहरी चुनौती थी पहले मृतक का नाम पता व सकूनत की जानकारी अप्राप्त थी, मृतक का नाम छोटेलाल सिंह गोड होना ज्ञात था परंतु उसके पिता व स्थाई निवास के संबंध मे कोई जानकारी उपलब्ध नही थी तथा आरोपी का नाम लकडा होना पता था वल्दियत व स्थाई पते के संबंध मे कोई जानकारी नही थी। इस समस्या के समाधान के लिये वरिष्ठ अधिकारियो द्वारा निर्देशित किया गया कि जिन क्षेत्रो मे उक्त समुदाय के लोग ज्यादा निवासरत है वहा पता तलाश कर मृतक एवं आरोपी की पहचान स्थापित की जाय एवं प्रकरण का विधिक निकाल किया जाय,जिसके अनुपालन करने पर मृतक का नाम छोटेलाल सिंह गोड पिता एतारु सिंह गोड उम्र 45 वर्ष निवासी नौगांव राजेन्द्रग्राम का होना पाया गया। आरोपी का नाम सुलेमान लकडा पिता शनिराम लकडा उम्र 54 वर्ष निवासी पत्तरा बेटकेल महेशपुर थाना सीतापुर जिला सरगुजा छ.ग. का होना पाया गया। आरोपी उराव जनजाति समुदाय से आता है इस कारण जशपुर अंबिकापुर तरफ पुलिस टीम भेजकर लगातार उसके हुलिये के व्यक्ति की पता तलाश की गई पता तलाश के लिये छत्तीसगढ पुलिस तथा आदिवासी क्षेत्र मे कार्य कर रहे एनजीओ से संपर्क किया गया जो यह जानकारी प्राप्त हुई कि आरोपी सुलेमान लकडा अंबिकापुर छ.ग.मे बॉसुरी बजाते हुये घूमता है, तथा बंजारे की तरह जीवन यापन कर रहा है, जिसे दिनांक 04.12.24 को बिजुरी पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया जा रहा है। उक्त कार्यवाही मे बिजुरी पुलिस के निरीक्षक विकास सिंह, सहित अन्य पुलिस कर्मियों की महत्पूर्ण भूमिका रही।

# खेलो एमपी यूथ गेम्स का आयोजन आज से 28 दिसम्बर तक

(ब्यूरो राजेश शिवहरे)

**अनूपपुर।** संचालनालय खेल और युवा कल्याण मध्यप्रदेश भोपाल से प्राप्त निर्देशानुसार ''खेलो इण्डिया यूथ गेम्स'' की तर्ज पर ''खेलो एमपी यूथ गेम्स वर्ष 2024'' का आयोजन ब्लॉक, जिला, संभाग एवं राज्य स्तर पर किया जाना प्रस्तावित है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए इसरार मंसूरी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं प्रभारी जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी अनूपपुर ने बताया है कि ''खेलों एमपी यूथ गेम्स'' के अंतर्गत ब्लाक, जिला एवं संभाग स्तर पर 19 खेल की खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा तथा 06 खेल राज्य स्तर पर आयोजित होंगे। खेल प्रतियोगिता में 19 वर्ष से कम आयु (31 दिसम्बर 2024 की स्थिति में) के बालक/बालिका खिलाड़ी प्रतिभागिता कर सकेंगे। खेलो एमपी यूथ गेम्स ब्लाक स्तरीय चयन स्पर्धा



का आयोजन 05 दिसम्बर से 11 दिसम्बर 2024 के मध्य किया जाएगा। जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन जिला मुख्यालय पर 13 दिसम्बर से 15 दिसम्बर 2024 के मध्य व संभाग स्तरीय आयोजन 17 दिसम्बर से 22 दिसम्बर 2024 के मध्य एवं राज्य स्तरीय आयोजन 24 दिसम्बर से 28 दिसम्बर 2024 तक आयोजित किया जाएगा। ''खेलों एमपी यूथ गेम्स में खेल-एथलेटिक्स, बास्केटबाल, बैडमिन्टन, बॉक्सिंग, फुटबाल, हॉकी, जूडो, कबड्डी, खो-खो, वेटलिफ्टिंग, कुश्ती, टेबल-टेनिस, योगासन, व्हॉलीबाल, टेनिस, शतरंज, क्रिकेट, मलखम्ब एवं तैराकी खेलों की प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

खेलो एमपी यूथ गेम्स को अधिक आकर्षक एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से संभागवार पदक तालिका बनायी जाएगी। वरीयता का निर्धारण प्राप्त स्वर्ण पदक के आधार पर किया जावेगा। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में दलीय एवं व्यक्तिगत खेल के बालक एवं बालिका को पृथक-पृथक प्रथम पुरस्कार रु. 31000/-, द्वितीय पुरस्कार रू. 21000/- , तृतीय पुरस्कार रू. 11000/-, चतुर्थ पुरस्कार रू. 11000/- से पुरूस्कृत किया जावेगा।

अधिक जानकारी व पंजीयन के लिए जिला खेल प्रशिक्षक अनूपपुर के रामचन्द्र यादव के मो0नं0 6265418507, ग्रामीण युवा समन्वयक विकासखंड जैतहरी दिनेश कुमार सिंह चंदेल के मों0नं0 9685303796, ग्रामीण युवा समन्वयक विकासखंड कोतमा मिथलेश सिंह नेताम के मो0नं0 6261617170 तथा ग्रामीण युवा समन्वयक विकासखंड पुष्पराजगढ़ खेलन प्रसाद कोल के मो0नं0 6264043241 पर संपर्क किया जा सकता है।

# बांग्लादेश में हो रही हिंसा के विरोध में सर्व समाज ने दिया ज्ञापन






**- जिले भर से लगभग 8 से 10 की संख्या में संतजन ज्ञापन में सम्मलित हुए**

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**देवास।** बांग्लादेश में हो रहे नरसंहार के विरोध में देश भर में हो रहे वीरोध प्रदर्शन के साथ ही मालवा निमाड़ के सभी जिलों में प्रदर्शन हो रहे है। इसी क्रम में देवास में सर्व समाज द्वारा एक विशाल प्रदर्शन कर जिला प्रशासन को महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया गया।

प्रदर्शन राधागंज स्थित क्लब मैदान में रखा गया, प्रदर्शन के पूर्व संतों एवं समाज प्रमुख द्वारा भारत माता के चरणों में पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलन किया। इस अवसर पर अनेक संत एवं विभिन्न समाज प्रमुख प्रतिनिधि मंडल के रूप में मंचासीन रहें, जिनका परिचय दिनेश जी राठौर ने करवाया। इस प्रदर्शन में पूरे देवास जिले से सभी जाति, मत, पंथ एवं समाज के लोग हजारों की संख्या में सम्मलित हुए।

संत ब्रह्मचारी श्रीप्रकाश अनांद जी महाराज बागदी संगम खातेगांव ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा की बांग्लादेश में किसी एक जाती,पंथ एवं समाज पर अत्याचार नही हो रहे है यह अत्याचार सभी जाती, पंथ एवं समाज पर हो रहा है। देवास का सर्व समाज आशा करते हैं कि भारत सरकार इस विषय में सकारात्मक हस्तक्षेप करेगी और बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रभावी कदम उठाए। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए हिन्दू जागरण मंच के प्रांत सह संयोजक राजेश जी खत्री ने कहा कि बांग्लादेश भारत का ही हिस्सा था, भगवान कृष्ण को मानने वाले, काली माता की पूजा करने वाले बंगाली समाज वहां के मुख्य निवासी है। 1947 में भारत विभाजन से बने पूर्व पाकिस्तान को 1971 में कट्टरपंथियों के प्रताडना से भारतीय सेना ने मुक्ति दिलाई। आरक्षण विरोधी छात्र आंदोलन से प्रारंभ हुआ घटनाक्रम आज नरसंहार तक पहुच गया। एबीवीपी प्रदेश मंत्री कुं.राधिका सिकरवार ने सम्बोधन में कहा कि बांग्लादेश में जिन बहनों का मान भंग हुआ उन पर क्या बीती होगी यह सोच कर हृदय कम्पित हो उठता है। यदि हम आज नही जागे और बांग्लादेश को जलने से नही बचाया तो भविष्य में पूरे विश्व को जलना होगा। जहां सर्व समाज संयोजक विजय जी पांचाल ने ज्ञापन का वाचन कर सर्व समाज के प्रतिनिधि मंडल के साथ प्रशासन को महामहिम राष्ट्रपति जी के नाम ज्ञापन दिया। इस विरोध प्रदर्शन में देवास जिले के सभी धार्मिक,आध्यात्मिक, समाजिक, व्यापारिक, व्यावसायिक, राजनीतिक एवं स्वयंसेवी संगठनों का समर्थन प्राप्त हुआ। इस प्रदर्शन हेतु कई व्यपारिक एवं व्यवसायिक संगठनों ने स्वेच्छिक व्यापार बंद रखा। मंच संचालन योगेश रघुवंशी ने किया एवं आभार सर्व समाज जिला देवास के सह संयोजक सुमेर सिंह फौजी द्वारा व्यक्त किया गया।

# तहसीलदार पुष्पराजगढ़ सहित,अधिकारियों-कर्मचारियों पर शास्ति अधिरोपित

**अनूपपुर।** जनसुनवाई अंतर्गत सीएम हेल्पलाईन/जन आकांक्षा/टी.एल. में लंबित प्रकरणों का पोर्टल में अवलोकन करने पर पाया गया कि शिकायतों को अनुचित रूप से कार्य क्षेत्र से बाहर किया जाता है और तथ्य परख निराकरण दर्ज नही किया जाता है। शासन के मंशानुरूप समय-सीमा में हितग्राहियों को लाभ देना होता है, जिससे अनावश्यक विलम्ब होता है तथा हितग्राहियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। जिसका संज्ञान लेते हुए कलेक्टर हर्षल पंचोली ने शिकायतों को अनुचित रूप से कार्यक्षेत्र से बाहर करने और तथ्य परख निराकरण दर्ज नही किए जाने




पर अधिकारियों-कर्मचारियों पर शास्ति अधिरोपित की है। कलेक्टर ने तहसीलदार पुष्पराजगढ़ गौरी शंकर शर्मा,नगर परिषद जैतहरी के सहायक राजस्व निरीक्षक अवधेश बीझी, एसडीएम कार्यालय अनूपपुर के कार्यालय सहायक सह डाटा इन्ट्री ऑपरेटर शशि पनिका तथा तहसील कार्यालय अनूपपुर के कार्यालय सहायक सह डाटा इन्ट्री ऑपरेटर ललित कुमार मार्को पर एक-एक हजार रुपये की शास्ति अधिरोपित की है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों को अधिरोपित शास्ति की राशि जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी जिला अनूपपुर के बैंक खाते में जमा कराते हुए जमा राशि की पावती कलेक्ट्रेट स्थित लोक सेवा प्रबंधन शाखा में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

# आदित्य रेडिज सोनी सब के 'तेनाली रामा' में बहादुर और धर्मी राजा कृष्णदेवराय की भूमिका निभाएंगे

**मुंबई।** सोनी सब का बहुप्रतीक्षित शो तेनाली रामा 16 दिसंबर को रात 8 बजे लॉन्च होने वाला है। शो के निर्माताओं ने प्रतिभाशाली आदित्य रेडिज की एंट्री के साथ एक और प्रमुख कलाकार को जोड़ा है, जो प्रतिष्ठित राजा कृष्णदेवराय (केडीआर) की भूमिका निभाएंगे। अपनी प्रभावशाली स्क्रीन उपस्थिति और बेजोड़ अभिनय के लिए अपनी अलग पहचान रखने वाले आदित्य भारत के सबसे लोकप्रिय और डायनामिक राजाओं में से एक को जीवित करने के लिए तैयार हैं, साथ ही शो और उनके चरित्र में करिश्मा का एक तत्व लाएंगे।

इतिहास में प्रसिद्ध राजा कृष्णदेवराय भारतीय इतिहास के सबसे महान शासकों में से एक थे और निडर व न्यायप्रिय सम्राट थे जिन्होंने विजयनगर साम्राज्य की संप्रभुता को सुनिश्चित किया। वह अपनी निष्पक्षता, मजबूत नैतिकता और एक जीवंत दरबार के लिए जाने जाते थे जिसमें प्रसिद्ध अष्टदिग्गज शामिल थे - तेनाली रामा सहित आठ विद्वान सलाहकारों की एक परिषद। न्याय देने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और अपने लोगों के प्रति उनका समर्पण अटूट था, जिसने उन्हें इतिहास में और अब शो में ऑन-स्क्रीन दोनों ही जगह एक सम्मानित व्यक्ति बना दिया। राजा कृष्णदेवराय के चरित्र का सबसे आकर्षक



पहलू तेनाली रामा के साथ उनका दोस्ताना व्यवहार है। राजा कृष्णदेवराय के रूप में आदित्य की भूमिका में तेनाली की बुद्धि और हास्य के लिए राजा की प्रशंसा को दर्शाया जाएगा, जो उन्हें एक विश्वसनीय सलाहकार और एक प्रिय मित्र दोनों के रूप में मानते हैं। उनके बीच हास्य, रणनीति और नाटक का एक आदर्श मिश्रण है।

अपनी बहुमुखी प्रतिभा के लिए जाने जाने वाले आदित्य रेडिज ने भूमिका के बारे में अपनी उत्सुकता साझा करते हुए कहा, 'राजा कृष्णदेवराय एक बहुत ही प्रिय चरित्र हैं, और मैं उनके किरदार को निभाने जा रहा हूँ। इसके साथ बहुत बड़ी जिम्मेदारी भी जुड़ी है। मेरा ध्यान उनकी ताकत और गर्मजोशी के प्रति टिके रहने पर है, साथ ही भूमिका में अपना खुद का दृष्टिकोण भी जोड़ना है। मैं तेनाली रामा के प्रशंसकों से जुड़ने के लिए वास्तव में उत्सुक हूँ, जिनका प्यार और समर्थन हमेशा इस शो का दिल रहा है। मुझे उम्मीद है कि मैं उनकी उम्मीदों पर खरा उतर पाऊँगा और इस यात्रा को यथासंभव यादगार बना पाऊँगा।' तेनाली रामा में आदित्य रेडिज को राजा कृष्णदेवराय के रूप में देखें, और न्याय करने की उनकी यात्रा को देखें, तेनाली रामा के साथ अविस्मरणीय कहानियाँ सामने आती रहेंगी!

तेनाली रामा 16 दिसंबर से सोनी सब पर हर सोमवार से शनिवार रात 8:00 बजे शुरू होगा

# संबल योजना के 128 हितग्राहियों के खातों में पहुंचे 2.88 करोड़

**ग्वालियर ।** संबल योजना के तहत ग्वालियर जिले के 128 हितग्राहियों सहित प्रदेश के 10 हजार 236 श्रमिक परिवारों के खातों में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल से सिंगल क्लिक के जरिए अनुग्रह सहायता के रूप में 225 करोड़ रूपए की धनराशि अंतरित की। इसमें ग्वालियर जिले के हितग्राहियों के खातों मे आई 2 करोड़ 88 लाख रूपए की राशि शामिल है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जैसे ही धनराशि पहुँचाने के लिये जैसे ही सिंगल क्लिक का बटन दबाया, वैसे ही यहां कलेक्ट्रेट की एनआईसी में मौजूद श्रमिक परिवारों के हितग्राही कृतज्ञता के भाव से भर गए। साथ ही उनके चेहरे खुशी से चमक उठे।

कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक कुमार एवं सहायक आयुक्त श्रम श्रीमती संध्या सिंह सहित लाभान्वित श्रमिक हितग्राही मौजूद थे। इस अवसर पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए भोपाल में आयोजित हुए राज्य स्तरीय कार्यक्रम में जिले के हितग्राही भी शामिल हुए। साथ ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का उदबोधन सुना। एनआईसी के अलावा जिले के जनपद पंचायत मुख्यालयों व नगरीय निकायों में भी वेबकास्टिंग के जरिए भोपाल के कार्यक्रम का प्रसारण हुआ। जिले के जिन 128 श्रमिक परिवारों के खातों में धनराशि पहुँची है, उनमें नगर निगम ग्वालियर के 28, नगर पालिका डबरा के 31, जनपद पंचायत डबरा के 23, जनपद पंचायत भितरवार के 20, जनपद पंचायत घाटीगाँव के 15 व जनपद पंचायत मुरार के 11 हितग्राही शामिल हैं। इनके अलावा नगर परिषद पिछोर के 5 एवं नगर परिषद मोहना, आंतरी व बिलौआ क्षेत्र के एक दू एक हितग्राही के खाते में मुख्यमंत्री द्वारा धनराशि पहुँचाई गई है।




# सई ताम्हणकर ने अपने आगामी प्रोजेक्ट 'अग्नि' से जुड़ी खास बातें की साझा, जानें क्या है उनका किरदार

**मुंबई।** सई ताम्हणकर एक्सेल एंटरटेनमेंट के साथ ग्राउंड ज़ीरो और अग्नि (इमरान हाशमी और प्रतीक गांधी के ऑपोसिट)जैसे दो बड़े प्रोजेक्ट की घोषणा कर सभी का ध्यान अपनी और आकर्षित किया था शेप-शिफ्टर अभिनेत्री ने इस साल रिलीज हुई श्रीदेवी प्रसन्ना, भक्त और हाल ही में रिलीज हुई मानवट मर्डर्स जैसी फिल्मों में अपने सहज अभिनय से लोगों का दिल जीता और उन्होंने यह बरकरार रखा है।

अब, सभी की निगाहें सई पर हैं क्योंकि वह अग्नि के लिए तैयारी कर रही है, जो हिंदी सिनेमा के अनएक्सप्लोर्ड सब्जेक्ट पर बनी फिल्म है। इन प्रोजेक्ट्स पर अपने विचार साझा करते हुए, सई कहती हैं, 'मुझे लगता है कि हमने हिंदी सिनेमा में अग्निशामकों के बारे में कोई फिल्म नहीं देखी है। वे हमारे समाज के अंडरडॉग और अनसंग नायक हैं, जिन्हें अक्सर हल्के में लिया जाता है। मुझे ऐसे प्रोजेक्ट का हिस्सा होने पर गर्व है जो उन्हें सेलिब्रेट करता है। एक्सेल एंटरटेनमेंट के साथ काम करना एक शानदार अनुभव था और यह प्रोजेक्ट मेरे दिल में एक विशेष स्थान रखता है।' वह आगे कहती हैं, 'एक तरह से, मैं खुद को अग्नि का 'फूल' मानती हूं क्योंकि मेरा किरदार इस ज्वलंत दुनिया में गर्मजोशी और प्यार लाता है। जैसे एक फूल खुशी और शांति पैदा करता है, वैसे ही मेरा किरदार अग्नि की गहन कहानी में प्यार



और खुशी जोड़ता है। जब से मैंने इस फिल्म की शूटिंग शुरू की, मैंने खुद से एक सवाल पूछा - PaGaL? पा से पानी, गा से गैस और एल से प्रकाश। यह एक अनुस्मारक है कि घर से निकलने से पहले इन्हें हमेशा जांच लें और बंद कर दें। इस प्रकार, अग्नि ने मुझे एक नागरिक के रूप में अधिक जागरूक और जिम्मेदार बना दिया है।' अपनी तैयारी के बारे में बात करते हुए, सई बताती हैं कि, 'मुझे अग्निशामकों के परिवारों, विशेषकर गृहिणियों से मिलने का मौका मिला। मुझे एहसास हुआ कि उनका अटूट समर्थन इस विश्वास से आता है कि उनके पति समाज और राष्ट्र में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। गर्व की यह भावना उनकी सबसे बड़ी प्रेरणा है, और यह वास्तव में प्रेरणादायक और विनम्र है। मैं ऐसी सार्थक और विशेष फिल्म का हिस्सा बनने के लिए आभारी हूं।'

अग्नि, ग्राउंड जीरो और नागराज मंजुले की मटका किंग के अलावा, दर्शक अगले साल नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली डब्बा कार्टेल में सई के प्रदर्शन का इंतजार कर सकते हैं, जो एक्सेल एंटरटेनमेंट के साथ सई के तीसरे कोलेब का प्रतीक है और इसमें शबाना आज़मी, ज्योतिका, शालिनी पांडे, निमिषा सजयन, अंजलि आनंद, गजराज राव और जिशु सेनगुप्ता जैसे कई दिग्गज कलाकार शामिल हैं।

# 5100 फुट लम्बी मां लक्ष्मी की चुनरी शोभायात्रा 1 जनवरी को निकलेगी

**ग्वालियर।** अखिल भारतीय अग्रवाल परिचय सम्मेलन द्वारा सातवीं बार शहर में मां लक्ष्मी जी की 5100 फुट लम्बी चुनरी शोभायात्रा नववर्ष पर महाराज बाड़ा श्री लक्ष्मी जी पार्क से प्रातः 10 बजे निकाली जायेगी। यह जानकारी अग्रबंधुओं की एक बैठक में परिचय सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश ऐरन ने दी।



श्री ऐरन ने बताया कि चुनरी शोभायात्रा का मुख्य उद्देश्य देशवासी नववर्ष का स्वागत भारतीय संस्कृति के साथ करें और पश्चिम संस्कृति का त्याग करें, इसीलिए सात वर्ष पहले 2019 से साल के पहले दिन सबसे पहले हम मां लक्ष्मी जी के चरणों का वंदन करें। बैठक में मुकेश सिंघल, दिलीप अग्रवाल, श्रीमती पूनम अग्रवाल, मीरा अग्रवाल ने कहा कि सभी अग्रवैश्य बन्धु हमारी कुल देवी मां की शोभायात्रा में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें, मां लक्ष्मी जी की शोभायात्रा महाराज बाड़ा से प्रारंभ होकर सराफा बाजार, श्रीराम मन्दिर चौराहा, इन्दरगज दाल बजार से नया बाजार होते हुए श्री अग्रसेन पार्क दौलतगंज पहुंचेगी। बैठक में अनिल गर्ग, रामप्रकाश अग्रवाल, गोपाल जैन, ऋषभ जैन, महेंद्र अग्रवाल, ओमप्रकाश अग्रवाल, श्रीमती गुंजन अग्रवाल, सविता गुप्ता, विशाखा अग्रवाल, निर्मला अग्रवाल, हेमलता अग्रवाल, भावना अग्रवाल, ममता अग्रवाल, सविता गोयल, अम्रता गुप्ता, योगिता कोठारी, अन्जु अग्रवाल, अंकिता अग्रवाल, शामिल थी।

# डम्पर-कार की टक्कर में एक की मौत, तीन घायल





-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना/जौरा।** एनएच-552 हाईवे पर कैलारस क्षेत्र में भटपुरा के पास एक बेकाबू डंपर ने सामने से आ रही कार को टक्कर मार दी। हादसे में कार चला रहे युवक की मौत हो गई। जबकि कार में सवार तीन महिलाएं बुरी तरह जख्मी हुई है। हादसा बुधवार की दोपहर करीब डेढ़ बजे होना बताया गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक जौरा क्षेत्र के ग्राम सिकरौदा में रहने वाला देव उर्फ अक्षय सिंह भदौरिया 21 पुत्र सुनील सिंह भदौरिया बुधवार की दोपहर करीब डेढ़ बजे अपनी कार में सवार होकर कैलारस की ओर जा रहा था। कार में उसकी मां श्रीमती गुड्डीदेवी 45 पत्नी सुनील भदौरिया और विनीता श्रीवास 40 पत्नी भूप सिंह श्रीवास भी सवार थीं। जब उनकी कार एनएच-552 हाईवे पर भटपुरा के पास से गुजर रही थी। तभी सामने से तेज रफ्तार में आ रहे एक डंपर ने कार को टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद कार चला रहा देव उर्फ अक्षय ड्राईविंग सीट पर बुरी तरह फंस गया। सूचना मिलने के बाद कैलारस थाना प्रभारी वीरेश कुशवाह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचें, उन्होंने फोर्स की मदद से कार के गेट को तोड़कर देव को निकाला और अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे में कार में सवार देव की मां गुड्डीदेवी और महिला विनीता गंभीर रूप से जख्मी हुई है। पुलिस ने घटना को अंजाम देने वाले डंपर को जब्त कर ड्राईवर को गिरफ्तार कर लिया है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया था।

### मौके से गुजर रहे भाजपा नेता ने की मदद

जिस समय एनएच-552 हाईवे पर हादसा हुआ, उस वक्त भाजपा नेता मनोज सिंह गुर्जा अपने निजी वाहन में सवार होकर जौरा से कैलारस जा रहे थे, हादसा स्थल पर पहुंचनें के बाद उन्होंने कार में फंसे देव उर्फ अक्षय को बाहर निकलवाने में सहयोग किया, जिसके बाद सभी घायलों को नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र भी पहुंचाया।

# इनोवेटिव पब्लिक स्कूल में पुलिस ने आयोजित किया यातायात एवं सायबर जागरुकता कार्यक्रम






-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना द्वारा घटित हो रही सड़क दुर्घटनाओं, सायबर संबंधी अपराधों, अवैध मादक पदार्थों की तस्करी एवं दुरूपयोग पर अंकुश लगाने एवं आम जन को सायबर संबंधी अपराध के संबंध में सजग एवं सुरक्षित बनाये जाने, यातायात नियमों एवं नशामुक्ति अभियान आदि विषयों के संबंध में जागरूक किये जाने के उद्देश्य से विशेष जन जागरूकता अभियान संचालित किये जाने हेतु दिशा-निर्देश प्रसारित किए गए।

उक्त निर्देशों के तारतम्य में पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ (भापुसे) द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को उक्त विषयों के संबंध में जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त निर्देशों के तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में संतोष भदौरिया थाना प्रभारी यातायात एवं उनि अभिषेक जादौन प्रभारी सायबर सेल मुरैना द्वारा 04.12.24 को संजय कॉलोनी मुरैना स्थित इनोवेटिव पब्लिक स्कूल में यातायात एवं सायबर संबंधी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जागरूकता कार्यक्रम में थाना प्रभारी यातायात द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकगण आदि को यातायात नियमों का पालन करने, सड़क सुरक्षा, गुड सेमेरिटन (नेक व्यक्ति) योजना एवं गोल्डन ऑवर (स्वर्णिम एक घण्टा) आदि के विषयों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इसी प्रकार सायबर सेल प्रभारी द्वारा छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकगण को डिजिटल अरेस्ट, ऑनलाइन फ्रॉड, सोशल मीडिया हैण्डलिंग, सायबर हैल्पलाइन नंबर 1930 आदि विषयों के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही छात्र-छात्राओं को अपने परिजनों आदि को भी यातायात नियमों एवं सायबर संबंधी अपराधों के संबंध में जानकारी देने हेतु बताया गया। उक्त जागरुकता कार्यक्रम के दौरान लगभग 300 छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे।

# चोरी के दो आरोपियों को एक-एक वर्ष का सश्रम कारावास

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, तहसील अम्बाह जिला मुरैना के न्यायालय द्वारा आरोपीगण 01. सीताराम पिता रामस्वरूप, उम्र-40 वर्ष, 02. संदीप पिता जसवंत सिंह, उम्र-32 वर्ष, निवासीगण-पंचमपुरा, थाना दिमनी, जिला मुरैना म.प्र. को भारतीय दण्ड विधान की धारा 457, 380 के अंतर्गत दोषी पाते हुये 01-01 वर्ष के सश्रम कारावास व कुल 200-200/- रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।




अभियोजन अधिकारी/मीडिया सेल प्रभारी श्रीमती रश्मि अग्रवाल ने बताया कि सूचनाकर्ता सतेन्द्र उच्चारिया ने थाना अम्बाह में उपस्थित होकर जुबानी रिपोर्ट इस आशय की लेख करायी कि वह अम्बरीस पुरा में रहता है, हलवाई का काम करता है। दिनांक 02.03.2014 को वह शादी में गुलाब का पुरा गया था, उसके साथ देवसिंह तथा जितेन्द्र भी थे। शादी से करीब रात के सवा बारह बजे लौटकर आये, मकान का दरवाजा खुला था। कपड़े उतारकर तीनों सो गये थे, सुबह करीब पांच बजे जगा तो देखा कि उसके तथा जितेन्द्र की पेंट नहीं थी। घर में रखी एल.ई.डी. नहीं मिली थी, एल.ई.डी. लोयड कम्पनी की थी व मोबाईल चार्ज पर लगे थे, वे भी नहीं मिले। पेंट में पर्स भी था वह पेंट छत पर मिला, पेन्ट में रखा पर्स तथा नगदी पैसे भी नहीं मिले थे। उसका मोबाईल सैमसंग कम्पनी का था तथा जितेन्द्र का मोबाईल माईकोमैक्स कम्पनी का था, कोई चोर घर में घुसकर मोबाईल, एल.ई.डी. तथा पर्स चुराकर ले गया था। सूचनाकर्ता की उक्त रिपोर्ट पर से पुलिस थाना अम्बाह पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान साक्षीगण के कथन अभिलिखित किये गये, घटनास्थल का नक्शा मौका बनाया गया तथा अनुसंधान पूर्ण किये जाने के उपरांत अभियुक्तगण के विरूद्ध थाना अम्बाह ने अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। माननीय न्यायालय ने अभियोजन के तर्कों से सहमत होकर उक्त अपराध के आरोपीगण को 01-01 वर्ष के सश्रम कारावास व कुल 200-200 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया। उक्त प्रकरण में शासन/अभियोजन की ओर से पैरवी सोवरन सिंह माहौर सहायक जिला अभियोजन अधिकारी अम्बाह जिला मुरैना द्वारा की गई।

# हनुमान मंदिर पर हुआ फूल बंगला व छप्पन भोग का आयोजन

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना/जौरा।** रामायण सेवा समिति के तत्वाधान में नगर के प्रसिद्ध हनुमान जी मंदिर पर फूल बंगला छप्पन भोग का आयोजन किया गया। सदर बाजार, हनुमान चौराहे पर स्थित हनुमान मंदिर पर दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत अखंड रामायण सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें रात भर भजनों पर कीर्तन के साथ श्रद्धालु भी भक्ति में लीन रहे। दूसरे दिन 04 दिसंबर को प्रसादी के रूप में अन्नकूट भी वितरित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं एवं सभी सहयोगकर्ताओं का रामायण सेवा समिति द्वारा आभार भी व्यक्त किया गया।



## मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल योजना

# हितग्राहियों को एक क्लिक से मिली दो-दो लाख की अनुग्रह सहायता

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** बुधवार की दोपहर को प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा संबल योजना के पूरे प्रदेश के 10236 पात्र हितग्राहियों के खाते में वन क्लिक के माध्यम से 225 करोड़ की अनुग्रह राशि संबंधित हितग्राही के बैंक खाते में ट्रांसफर की। मुरैना जिले के हितग्राहियों को भी योजना का लाभ देते हुए उनके परिवार को अनुग्रह सहायता दो-दो लाख रुपए की सहायता मिली। उक्त कार्यक्रम जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय के एनआईसी कक्ष में वीसी के माध्यम से आयोजित किया गया, जिसमें प्रदेश सरकार के मुखिया डॉ. मोहन यादव ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार हर गरीब परिवार के साथ खड़ी है और सभी पात्र हितग्राहियों को संबल योजना का लाभ दिया जा रहा है। इसी क्रम में नगर निगम मुरैना के तीन हितग्राहियों के खाते में दो-दो लाख रुपए की कुल 6 लाख की राशि वन क्लिक के माध्यम से संबंधित हितग्राही के परिवार के बैंक खाते में राशि भेजी गई। नगर निगम सीमा क्षेत्र के रहवासी शकील खान, भारत लाल राजोरिया, कल्लू जाटव के परिजनों को संबल योजना का लाभ दिया गया। सलीम खान की पत्नी ने बताया कि उनके परिवार के मुखिया की मृत्यु होने से उनके परिवार में कोई कमाने वाला नहीं रहा, लेकिन संबल योजना से उन्हें जो सहायता मिली है उसे वह अपने परिवार और बच्चों का अच्छे से भरण-पोषण कर पाएगी। योजना के सहायक मोहन सिकरवार ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री जी ने संबल योजना के तहत नगर निगम के तीन हितग्राहियों के खाते में 6 लाख रुपए की राशि वन क्लिक के माध्यम से भेजी। उक्त कार्यक्रम में नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी रहीम चौहान, सूरज दंडोतिया, सुशील नरवरिया सहित बड़ी संख्या में संबल योजना के हितग्राही एनआईसी कक्ष में मौजूद रहे।



# पूर्व विधायक ने विकलांग बल के पदाधिकारियों का सम्मान किया



-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** अंतर्राष्ट्रीय विश्व विकलांग दिवस के अवसर पर मुरैना के पूर्व विधायक रघुराज सिंह कंषाना के द्वारा निजी निवास पर विकलांग बल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हेमंत सिंह कुशवाह, विकलांग बल मुरैना के जिलाध्यक्ष विक्रम सिंह एडवोकेट, पूर्व जिला सचिव रजनीश दौनेरिया, मुरैना के पूर्व शहर अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह कुशवाह का माला पहनाकर सम्मान कर स्वल्पाहार भी करवाया गया और उन सभी ने अंतर्राष्ट्रीय विश्व विकलांग दिवस की बधाई भी दी।

# वाहन मालिक वैध दस्तावेज पूर्ण होने पर ही वाहन का संचालन करें

## 12 स्कूली वाहनों के नियम विरूद्ध संचालन पर चालानी कार्यवाही

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** परिवहन आयुक्त के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर के मार्गदर्शनमें मुरैना जिले में संचालित यात्री वाहन, स्कूल वाहन एवं अन्य वाहनो की चैकिंग कार्यवाही निरंतर जारी है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्रीमती अर्चना परिहार ने 04 दिसम्बर को मुरैना से जौरा, चिन्नौनी, कैलारस, सबलगढ़ मार्ग पर भिन्न-भिन्न स्थानों पर चैकिंग पॉइंट लगाकर वाहनों पर सख्त कार्यवाही की। जिसमें 12 स्कूली वाहनों पर चालानी कार्यवाही कर 30 हजार रूपये राजस्व वसूली कार्यवाही की।

चैकिंग की कार्यवाही में 56 से अधिक वाहनों को चैक किया गया, जिसमें 12 स्कूली वाहनों के नियम विरूद्ध संचालन पर चालानी कार्यवाही कर 30 हजार रूपये का राजस्व भी वसूल किया गया। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्रीमती अर्चना परिहार ने कहा कि वैध दस्तावेज पूर्ण होने पर ही वाहन का संचालन किया जाना सुनिश्चित करें। जिससे चैकिंग के दौरान होने वाली असुविधा से बचा जा सकें। उन्होंने बताया कि वाहन का वैध परमिट होना चाहियें वाहन का वैध फिटनेस होना चाहियें। वाहन का वैध बीमा होना चाहियें। वाहन का वैध प्रदूषण प्रमाण-पत्र होना चाहियें। चालक, परिचालक का व्यवसायिक लायसेंस वैध होना चाहियें। वाहन में रिफ्लेक्टर टेप, व्हीएलटीडी डिवाईस, जीपीएस, कैमरा, स्पीड लिमिट डिवाइस लगा एवं चालू हालत में होना चाहिये।



# उड़नदस्ते को देखकर फैलाया रेत, हाईवे किनारे ट्रॉली पलटी



-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** चंबल नदी से रेत के उत्खनन और परिवहन पर शिंकजा कसने के लिए वनविभाग की टीम लगातार प्रयास कर रही है। वनविभाग के उड़नदस्ते ने बुधवार को रेत से भरे ट्रेक्टरों को पकड़ने की कोशिश की, इसी दौरान हाईवे पर रेत फैलाते हुए भागते समय एक ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसे मौके पर ही छोड़कर ड्राईवर ट्रेक्टर लेकर भाग निकला।

मुख्य वन संरक्षक ग्वालियर, वन अमला ग्वालियर के उड़नदस्ते के साथ भिंड एवं देवरी घड़ियाल अधीक्षकों की टीम बुधवार को एनएच-44 हाईवे पर पेट्रोलिंग कर रही थी। इसी दौरान टीम को हाईवे पर चंबल की रेत से भरे ट्रेक्टर-ट्रॉली आते हुए दिखाई दिए। टीम ने ट्रेक्टर-ट्रॉलियों को पकड़ने के लिए उनका पीछा करना शुरू कर दिया। टीम को देखकर माफिया के लोगों में भगदड़ मच गई, ड्राईवर अपने ट्रेक्टर-ट्रॉलियों को तेज रफ्तार में हाईवे पर रेत फैलाते हुए दौड़ाने लगे, इसी दौरान सिकरौदा गांव के पास एक ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसे मौके पर ही छोड़कर ट्रेक्टर को लेकर ड्राईवर भाग निकला। टीम ट्रॉली को जब्त कर अपने साथ वन विभाग की डिपो ले आई। ट्रॉली को राजसात किए जाने की कार्रवाई की जा रही है।

# कांग्रेस के नवनियुक्त जिला प्रभारी लाखन सिंह यादव ने ली कार्यकर्ताओं की बैठक

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के द्वारा नियुक्त जिला प्रभारी लाखन सिंह यादव पूर्व मंत्री मध्य प्रदेश शासन एवं जिले के सह प्रभारी राहुल शर्मा के आतिथ्य में गांधी बाल निकेतन गार्डन में समस्त जिले के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया। उपरोक्त बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष मधुराज सिंह तोमर एवं दीपक शर्मा ने की। जिला अध्यक्ष ने बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री लाखन सिंह यादव पूर्व विधायक एवं सह प्रभारी के रूप में राहुल शर्मा उपस्थिति में अपना स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया। बैठक में प्रदेश कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार 16 दिसंबर को विधानसभा का घेराव करने पर विस्तार से चर्चा हुई तथा सभी जिम्मेदार पदाधिकारियों एवं ब्लॉक अध्यक्षों, प्रकोष्ठों के अध्यक्षों, पार्षदों एवं वरिष्ठ नेताओं को अधिक से अधिक संख्या में भोपाल में होने जा रहे विधानसभा घेराव को लेकर उपस्थित होने को लेकर रूपरेखा तैयार की गई।



शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा कि विजयपुर जीत के श्रेय हमारे प्रभारी एवं विजयपुर के प्रभारी लखन सिंह यादव को दिया साथ ही सभी कार्यकर्ताओं की भूरि-भूरि प्रशंसा की, जिन्होंने अपने उत्तरदायित्व का एवं अपने कर्तव्यों का पालन निर्भीक रूप से किया और अपने निष्ठा का परिचय दिया। सबलगढ़ के पूर्व विधायक बैजनाथ कुशवाह, दिमनी के पूर्व विधायक रविंद्र सिंह तोमर ने भी अपना उद्बोधन में कहा कि जो भी हमें जिम्मेदारी दी जाएगी हम उसे पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे।

उपरोक्त बैठक को पूर्व अध्यक्ष भगवान सिंह तोमर, राजा डण्डौतिया (सभापति नगर निगम मुरैना), लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी सत्यपाल सिंह सिकरवार, सुभाष सिकरवार (संगठन मंत्री), विनीत कंषाना (नेता प्रतिपक्ष नगर-निगम मुरैना), मानवेंद्र गांधी (पूर्व उपाध्यक्ष जिला पंचायत मुरैना) रवि उपाध्याय (जिलाध्यक्ष युवा कांग्रेस मुरैना), सोनू जोनवार (पार्षद नगर-निगम मुरैना) ने भी संबोधित किया। उन्होंने बिल्कुल खुले मन से कांग्रेस पार्टी की प्रशंसा करते हुए कहा जिस प्रकार कांग्रेस पार्टी में मुझे अपनाया है मैं उसका तहे दिल से शुक्रिया अदा करता हूं।

# तीन दिन पूर्व पानीपत से लौटे मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना/कैलारस।** पानीपत से तीन दिन पहले मालीबाजना गांव स्थित अपने घर लौटे मजदूर की मंगलवार-बुधवार की दरम्यानी रात को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।



मिली जानकारी के मुताबिक मालीबाजना गांव में रहने वाला दिलीप रजक 39 पुत्र रामजीलाल रजक विगत कई महीनों से पानीपत में निर्माणाधीन गैस प्लांट में मजदूरी का काम कर रहा था। 1 दिसंबर को दिलीप पानीपत से अपने घर लौटा था। 4 दिसंबर को दोपहर में दिलीप घर से निकला था, जिसके बाद रात को घर पहुंचा और सोने चला गया। बुधवार की सुबह जब पत्नी दिलीप को जगाने पहुंचीं, तो दिलीप सोकर नहीं उठा, तब पत्नी के चिल्लाने पर घर में मौजूद अन्य लोग वहां पहुंचें, जिसके बाद परिजन दिलीप को लेकर कैलारस अस्पताल गए, जहां से उसे जिला अस्पताल भेज दिया गया। यहां परीक्षण करने के बाद चिकित्सक ने दिलीप को मृत घोषित कर दिया। दिलीप की मौत कैसे और किन कारणों के चलते हुई, यह जांच का विषय बना हुआ है। फिलहाल पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

# मैसर्स न्यू क्रिश बीज भंडार कैलारस का पंजीयन तत्काल प्रभाव से निलंबित

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** कलेक्टर अंकित अस्थाना के निर्देश पर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कैलारस द्वारा मैसर्स न्यूज क्रिश बीज भंडार कैलारस का पहुंचकर दुकान एवं गोदाम का ताला तोड़कर निरीक्षण किया। जिसमें एक कमरे में डीएपी 25 बैक, दूसरे कमरे में गेहूं के खुले बैग तथा खाली प्लास्टिक के बोरे पाये गये। अधिकारियों ने मौके पर पंचनामा बनाया। उक्त दिनांक को सील्ड किया।

उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 की धारा 26 के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुये मैसर्स न्यू क्रिश बीज भंडार के नाम से उर्वरक पंजीयन तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यदि फर्म अपना पक्ष प्रस्तुत करना चाहते है, तो आदेश के दिनांक से 05 दिवस के अंदर संपूर्ण अभिलेख के साथ कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते है। जबाव प्रस्तुत न करने पर एक पक्षीय कार्यवाही करते हुये उर्वरक पंजीयन निरस्त कर दिया गया है।

## आज विद्युत सप्लाई अवरूद्ध रहेगी

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** 11 केव्ही फीडरों पर लाइन मेन्टेंनेश के कार्य किये जाने के कारण 05 दिसम्बर को पूर्वान्ह 11 से दोपहर 02 बजे तक पुलिस लाइन फीडर की विद्युत सप्लाई अवरूद्ध रहेगी।

मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंधक ने बताया है कि पुलिस लाइन, संजू डिस्क वाला चौराह से जफर गली तक शिकारपुर रोड, संजय कॉलोनी, जीवारम की बाउण्ड्री, दुर्गापुरी कॉलोनी, कपूरा का भट्टा, कमेटी वाला संबंधित क्षेत्र की विद्युत सप्लाई अवरूद्ध रहेगी।


## कार्यालय नगरपालिक निगम, मुरैना (म.प्र.)

क्रमांक/रा.शा./2024/91 मुरैना, दिनांक- 04.12.2024

**//नामांतरण-इश्तहार विज्ञप्ती//**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि तत्कालीन नगर सुधार न्यास मुरैना द्वारा विकसित आवासीय योजना ग्राम जौरी मुरैना के भूखण्ड क्रमांक डी-3/23 पर लीज नामांतरण हेतु आवेदन श्रीमती मीना पत्नी श्री लोकेन्द्र सिंह गुर्जर द्वारा शपथ पत्र, विक्रय पत्र के आधार पर मूल आवंटिती श्रीमती सीमा पत्नी श्री रामवरन सिंह के बजाय आवेदक श्रीमती मीना पत्नी श्री लोकेन्द्र सिंह गुर्जर द्वारा नामांतरण हेतु आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है।

म.प्र. नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 के तहत संशोधित अचल सम्पत्ति अंतरण नियम 2016 के अंतर्गत भूखण्ड क्रमांक डी-3/23 का नामांतरण किया जाना प्रस्तावित है। इस संबंध में किसी भी खास/आम व्यक्ति अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ती प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें अथवा प्रकरण में लीज, नामांतरण स्वीकृत कर आवेदक के पक्ष में आवंटित शेष अवधि हेतु लीज सम्पादित की जावेगी। मेरी पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित।

**राजस्व प्रभारी**
**नगर पालिक निगम मुरैना**

# नगर में बनेंगे अनेक सेल्फी प्वॉइंट, आयुक्त ने देखे स्थल

**ग्वालियर।** निगम आयुक्त अमन वैष्णव द्वारा शहर को सुंदर बनाने के लिए नवीन सेल्फी प्वाइंट चयन हेतु स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में निगमायुक्त श्री वैष्णव ने बाल भवन, निगम मुख्यालय, कैप्टन रूप सिंह पार्क, आदि स्थलों पर न्यू सेल्फी प्वाइंट बनाने का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही निगमायुक्त ने शहीद उपमन्यु पार्क को आर्मी थीम पर विकसित करने और निगम संग्रहालय के बाहर, चिड़ियाघर गेट के सामने मछली घर के सामने, बहोड़ापुर तिराहा, बड़ा पार्क आनंद नगर में



सेल्फी प्वाइंट बनाने के निर्देश दिए। साथ ही वेस्ट टू वंडर पार्क निरीक्षण कर कार्य जल्दपूर्ण कर उसे निगम के हैंडओवर करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त विजय राज, अधीक्षण यंत्री जेपी पारा, सिटी प्लानर पवन सिंघल, उपायुक्त डॉ. अतिबल सिंह यादव उपस्थित रहे।

**निगम आयुक्त ने काटा वेतन**

कारण बताओ नोटिस का जवाब संतोषजनक नहीं पाये जाने पर निगम आयुक्त अमन वैष्णव द्वारा कार्यरत प्रभारी सहायक स्वच्छता अधिकारी गौरव सेन का 5 दिवस का, देवेन्द्र कटारे, कार्यरत डब्ल्यू.एच.ओ. का 01 माह का, कार्यरत राजस्व करसंग्रहक महेश कुशवाह का 5 दिवस का वेतन काटने के आदेश दिए है।

# हमारे जनजातीय समुदाय में अनेक विशेषतायें हैं: डॉ. वर्मा

**– जयारोग्य अस्पताल में मनाया गया टंट्या भील का शहादत दिवस**

ग्वालियर। जयारोग्य अस्पताल में जननायक टंट्या भील के बलिदान दिवस पर संगोष्ठी आयोजित की गई। जनजातीय गौरव-ऐतिहासिक सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान विषय कार्यक्रम की थीम रखी गई। इस अवसर पर जेएएच के उप अधीक्षक डॉ. वीरेन्द्र वर्मा ने कहा कि जनजातीय नायकों ने स्वतंत्रता के जागरण में अविस्मरणीय योगदान दिया। विकसित भारत के स्वप्न को साकार करने के लिए जनजातीय समुदाय के गौरवशाली योगदान को लेकर आगे बढ़ना होगा। जनजातीय समुदाय में सामूहिकता की भावना है, जिसे नई



पीढ़ी को सीखना होगा। कार्यक्रम के संयोजक एड.अतर सिंह जाटव ने कहा कि सैकड़ों वर्षों से विदेशी आक्रांताओं से मुकाबला करने में जनजातीय बन्धुओं की अविस्मरणीय भूमिका रही है। देश की स्वतंत्रता के लिए सौ से अधिक बड़ी लड़ाईयां जनजाति बन्धुओं द्वारा लड़ी गई हैं।

जेएएच वर्कशॉप प्रभारी एड. अतर सिंह ने कहा सदियों पहले जनजातीय समुदाय ने शक्तिशाली विदेशी हमलावरों के सामने चुनौती खड़ी की थी। उनसे जुड़े गौरव के भाव को समाज के अंतिम छोर तक ले जाने की आवश्यकता है। इस दिशा में समिति द्वारा निरंतर प्रयास किए जाएंगे। इससे पहले सभी ने क्रांतिसूर्य टंट्या भील की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इस मौके पर राकेश गौड़, ओमप्रकाश शाक्य, गोविन्द गौड़ सोनू छावड़ा, खेमराज जाटव, बंटी जोनवार, विनोद जाटव, कमल राजोरिया, तरुण गौड़, रमेश मिश्री, भास्कर जगदले, प्रकाश बाबू, विशाल कुशवाह, मोहन कुशवाह, छोटू कुशवाह महेश वर्मा , राकेश सैन्या, मुनेन्द्र जाटव, आनंद जाटव आदि मौजूद थे।

# नगर में अनेक स्थानों से हटाया अतिक्रमण

**ग्वालियर।** नगर निगम के मदाखलत अमले द्वारा सुगम यातायात एवं नागरिकों की सुविधा के लिए निरंतर अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है। मदाखलत अधिकारी शैलेंद्र चौहान ने बताया कि पुरानी छावनी क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 23 की गली में यातायात में बाधक हाथ ठेले एवं दुकानों के बाहर सड़क पर रखा सामान को हटवाया जाकर तराजू टेबल आदि को जप्त किया गया। इसके साथ ही पुरानी छावनी अटल गेट के पास यातायात में



बाधक हाथ ठेले एवं दुकानों के बाहर सड़क पर रखा सामान को हटवाया गया तथा सामान को जप्त कर मदाखलत कार्यालय भेजा गया।

वहीं ग्वालियर । आनंद नगर कैंपियन स्कूल के पास शासकीय पार्क भूमि बने अवैध अतिक्रमण को हटाया। भवन अधिकारी यशवंत मैकले ने बताया कि वार्ड क्रमांक 5 मे आनंद नगर कैंपियन स्कूल के पास शासकीय पार्क भूमि पर अवैध अतिक्रमण कर वहां के निवासी ब्रजेश शर्मा एवं सिकरवार द्वारा रेलिंग, फेंसिंग, कर गेट लगाकर गाड़ी पार्किंग की जा रही थी जिसे हटवाया गया।

# दिव्यांगजनों को समाज में पर्याप्त सम्मान मिलना चाहिए, यह हम सभी की जिम्मेदारी: शैलेन्द्र बरुआ

ग्वालियर। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग द्वारा विश्व विकलांग दिवस का आयोजन अटल बिहारी बाजपेयी अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रशिक्षण केन्द्र, ट्रिपल आईटीएम कॉलेज के सामने जलालपुर, मुरैना रोड, ग्वालियर में किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश पाठ्य पुस्तक निगम की पूर्व अध्यक्ष उपस्थित थे। कार्यक्रम का प्रारंभ में मां सरस्वती का पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा मार्च पास्ट को हरी झण्डी दिखाकर किया गया।

इस अवसर पर शैलेन्द्र बरुआ ने कहा कि आज हम विश्व दिव्यांग दिवस मना रहे हैं। यह दिवस हमें दिव्यांगता



के बारे में जागरूक करने और दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों की रक्षा करने के लिए प्रेरित करता है। दिव्यांगता किसी भी व्यक्ति को प्रभावित कर सकती है, चाहे वह शारीरिक, मानसिक, या संवेदनशील हो। यह हमें अपने समाज में दिव्यांग व्यक्तियों के प्रति अधिक सहानुभूति और समर्थन देने की आवश्यकता की याद दिलाता है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारा समाज दिव्यांग व्यक्तियों के लिए सुलभ और समावेशी हो। हमें उनके अधिकारों की रक्षा करनी होगी और उन्हें समाज में पूर्ण भागीदारी करने के अवसर प्रदान करने होंगे। इस अवसर पर विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के समापन व पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में समाजसेवी कृष्णपाल सिंह कुशवाह, भाजपा के जिला सत्कार प्रभारी सुघर सिंह पवैया, समाजसेवी हरिओम गौतम, संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय विभाग श्रीमती कृति दीक्षित, राज्य शिक्षा केन्द्र की एपीसी कृष्णा अग्रवाल ने विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किये।

# तीसरे दिन भी लगा स्वास्थ्य शिविर

**ग्वालियर।** डीडी नगर तथा पुष्कर कॉलोनी में चिकनगुनिया संक्रमण की रोकथाम तथा संभावित केसों की जांच के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सचिन श्रीवास्तव के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग एवं मलेरिया कार्यालय की टीम ने पुष्कर क्षेत्र तथा डीडी नगर क्षेत्र में संघन सर्वे किया तथा कैंप लगाकर चिकित्सकों द्वारा मरीज को उपचार दिया गया और स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई की मोनीटरिंग स्वयं क्षेत्रीय संचालक श्रीमती डॉ. नीलम सक्सेना तथा उपसंचालक डॉ. पवन शर्मा तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर सचिन श्रीवास्तव व जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. विनोद दोनेरिया ने फील्ड का भ्रमण कर किया तथा मरीजों



से मिले। भ्रमण के दौरान टीम को आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही शहर की नजदीकी चिकित्सालय में डेंगू चिकुनगुनिया की जांच हेतु सैंपल किए जाने की व्यवस्था के लिए निर्देशित किया। कोई भी मरीज अपने नजदीकी चिकित्सालय में जाकर डेंगू चिकनगुनिया की जांच के लिए सैंपल दे सकते हैं तथा डॉक्टर के द्वारा उचित उपचार भी प्राप्त कर सकते हैं। भ्रमण के दौरान जिला चिकित्सालय से डॉ. हरेंद्र पैथोलॉजिस्ट तथा डॉ. बंसल शिशु रोग विशेषज्ञ एवं डॉ. तोमर मेडिसिन स्पेशलिस्ट तथा एपिडेमियोलॉजी डॉ. महेंद्र पिपरोलिया व लेब टेक्नीशियन ने फील्ड में कैंप के दौरान अपनी सेवाएं दी। इस वर्ष जनवरी से अभी तक 22616 रोगियों की डेंगू जांच में 1454 डेंगू पॉजिटिव तथा चिकनगुनिया के लगभग 1 हजार रोगियों की जांच में 326 चिकुनगुनिया मरिज पॉजिटिव केस पाये गये हैं तथा सर्वे टीम द्वारा जनवरी से अभी तक 677730 घरों में लार्वा सर्वे किया गया जिनमें 27415 घरो में पाये गये लार्वा को नष्ट कराया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला ग्वालियर डॉक्टर सचिन श्रीवास्तव ने बताया कि बुधवार को पुष्कर कालोनी में स्वास्थ्य शिविर तथा 70 वर्ष की उम्र पूरी कर चुके बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड हेतु शिविर लगाया गया।

# मजदूरों को 1 अप्रैल से एरियर सहित भुगतान किया जाए: सीटू

ग्वालियर। तमाम जिद्दो जिहाद और सैंकड़ों धरने और प्रदर्शनों के बाद सरकार ने 10 वर्ष के बाद वेतन पुनरीक्षण समिति की सिफारिश के आधार पर अप्रैल 2019 के बजाय अप्रैल 2024 से न्यूनतम वेतन की घोषणा की थी उस पर भी कुछ कारखाने मालिकों के पेट में दर्द हुआ और उन्होंने मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ से न्यूनतम वेतन न दिया जाए इसके लिए स्टेट लिया था सीटू के प्रदेश अध्यक्ष रामविलास गोस्वामी और प्रदेश महासचिव प्रमोद प्रधान द्वारा उक्त स्टेट के खिलाफसीटू की ओर से पूरे प्रदेश भर में सरकार पर दबाव पैदा करने के लिए लगातार प्रदेश के जिलाधीश और श्रम विभाग के ऑफिसों पर धरने दिए और इसके साथ-साथ इंदौर हाई कोर्ट में सीटू इंटरवीन बनी सीटू के प्रबुद्ध अधिवक्ता बाबूलाल नागर ने हाईकोर्ट में न्यूनतम वेतन के सवाल पर मजदूरों का पक्ष बखूबी रखा आज हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ के न्यायाधीश श्री विवेक रुसिया और न्यायाधीश श्री गजेंद्र सिंह की खंडपीठ ने स्टे को खारिज कर दिया यह मजदूरों की एक ऐतिहासिक जीत है। सीटू नेता रामविलास गोस्वामी और प्रमोद प्रधान ने मध्यप्रदेश की सरकार और मध्यप्रदेश के श्रम आयुक्त से मांग करते हुए कहा कि यह स्थगन एक अप्रैल से हो रहे भुगतान के खिलाफथा जो खारिज हो गया है अब 1 अप्रैल 2024 से श्रमिकों का एरियर सहित भुगतान सुनिश्चित करायें। ग्वालियर सीटू के अध्यक्ष भगवान दास सैनी महासचिव एमके जायसवाल सहित सीटू के अन्य नेताओं में रावण सिंह बघेल, जन्डेल सिंह, बाबा मालनपुर औद्योगिक क्षेत्रीय समिति के नेता देवेंद्र शर्मा, नगर पालिका निगम कर्मचारियों के नेता सुखलाल बघेल आदि ने खुशी जाहिर करते हुए इसे मजदूर की ऐतिहासिक जीत बताया है। 1800 से लेकर 2400 रुपये तक विभिन्न कारखानों में काम करने वाले मजदूर और शासकीय क्षेत्र में काम करने वाले आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को हर महीने वेतन वृद्धि देय होगी।

# कलेक्टर ने की राजस्व महाअभियान 3.0 की प्रगति की समीक्षा

## स्वामित्व योजना में प्रगति नहीं बताने पर नायब तहसीलदार पोरसा राजेन्द्र मौर्य का वेतन रोका

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**मुरैना।** प्रदेश सरकार द्वारा 15 नवम्बर से 15 दिसम्बर, 2024 तक राजस्व महाअभियान 3.0 चलाया जा रहा है। अभियान में लोगों के अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण हो, यही प्रदेश सरकार की मंशा है। यह बात कलेक्टर अंकित अस्थाना नेराजस्व महाअभियान की समीक्षा बैठक के दौरान कलेक्ट्रेट सभागार मुरैना में कही। समीक्षा बैठक के दौरान नायब तहसीलदार पोरसा राजेन्द्र मौर्य स्वामित्व योजना की जानकारी नहीं दे पाये। इस पर कलेक्टर ने तत्काल नायब तहसीलदार राजेन्द्र मौर्य का वेतन रोकने के निर्देश अपर कलेक्टर को दिये। बैठक के दौरान अपर कलेक्टर सीबी प्रसाद, संयुक्त कलेक्टर शुभम शर्मा, समस्त एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार उपस्थित थे। कलेक्टर अंकित अस्थाना ने राजस्व अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये कि अभियान के साथ-साथ सीएम हेल्पलाइन को भी सर्वोच्च प्राथमिकता दें। नवम्बर माह की प्राप्त शिकायत 80 प्रतिशत तक निराकरण होना चाहिये। उन्होंने कहा कि मुख्य सचिव के निर्देश है कि लोगों की समस्यायें समय पर निराकृत हो।



कलेक्टर ने कहा कि राजस्व महाअभियान 3.0 में नामान्तरण, बटवारा, सीमांकन में प्राप्त होने वाले आवेदनों का निराकरण तत्परता के साथ करें। नामान्तरण में मुरैना जिला प्रदेश में 40वें स्थान पर है, इस कार्य में जरा सी भी लापरवाही पायी गई तो यह जिला अंतिम पायदान पर पहुंच जायेगी। उन्होंने कहा कि मुरैना जिले में नामान्तरण के निराकरण में 69 प्रतिशत प्रगति है, यह संतोषजनक नहीं है। सभी राजस्व अधिकारी देंखे, अगर कोई प्रकरण में लंबी तारीख लगा दी हो, उसे तत्परता से देंखे। कलेक्टर ने कहा कि पटवारियों की मीटिंग लेते समय प्रकरणवार समीक्षा करें, आंकड़ो की समीक्षा नहीं। कलेक्टर ने फार्मर रजिस्ट्री, खसरा, पीएम किसान योजना में आधार लिंक के संबंध में विस्तार से निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि कोई भी तकनिकी इश्यु आये तो वरिष्ठ से अवश्य पूछे।

**राजस्व अधिकारी मुख्यालय पर रहें**

कलेक्टर अंकित अस्थाना ने कहा कि जिले में खाद का इश्यु न बने, इसलिये खाद वितरण के टोकन में राजस्व अधिकारी विशेष ध्यान दें। राजस्व अधिकारी मुख्यालय पर रहें, मुख्यालय छोड़ने से पहले मुझसे अनुमति लेना

# कुएं से मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**मुरैना।** बागचीनी क्षेत्र के रामसिंह का पुरा गांव के एक कुएं से एक युवक का शव बरामद किया गया है। कई दिनों तक पानी में पड़े रहने के कारण शव बुरी तरह गल गया था और उससे दुर्गंध आ रही थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर पड़ताल शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के मुताबिक बागचीनी क्षेत्र के ग्राम रामसिंह का पुरा में बुधवार की दोपहर करीब 12 बजे ग्रामीणों ने कुएं के पानी में एक युवक का शव उतराते हुए देखा, तब उन्होंने पुलिस को इत्तिला दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर एसडीआरएफ के जवानों को



बुलाया। एसडीआरएफ के जवान कुएं में उतरे और सड़-गल चुके शव को पानी से बाहर निकाला। मृतक की पहचान विनोद पुत्र लालसिंह निवासी रामसिंह का पुरा के रूप में हुई। बॉडी के दो-तीन दिन से कुएं में पड़े होने के कारण दुर्गंध आ रही थी और बॉडी गल चुकी थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। मौके पर पहुंचें परिजन द्वारा मृतक विनोद की हत्या की आशंका जताई जा रहीं थी। एसडीआरएफ की टीम में जितेंद्र शर्मा, करण पचौरी, विजय डण्डौतिया, अजय गौड़, संजय सैमिल, जितेंद्र नरवरिया शामिल थे।







## आठ अधिकारियों ने सीएम हेल्पलाइन को अटेंड नहीं किया, 3-3 दिवस का वेतन काटा

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**मुरैना।** कलेक्टर अंकित अस्थाना 02 दिसम्बर को सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान 08 अधिकारियों ने सीएम हेल्पलाइन को अटेंड नहीं किया, इसलिये कलेक्टर ने 3-3 दिन का वेतन काटने के आदेश जारी किये है। उन्होनें कहा कि कार्य नहीं तो वेतन नहीं के तहत यह कार्यवाही की गई है।

तहसीलदार अम्बाह मधुलिका तोमर, सीएमएचओ डॉ. पदमेश उपाध्याय, जनपद सीईओ पोरसा देवेन्द्र जैन, खण्ड चिकित्सा अधिकारी पहाड़गढ़ डॉ. अनुभा माहेश्वरी, सीएमओ कैलारस सुरेश गोयल, एज्युकेटिव इंजीनियर पीएस जाटव, तहसीलदार पोरसा भारतेन्दु सिद्धार्थ गौतम और जिला शिक्षा अधिकारी एसके सक्सेना का 3-3 दिन का वेतन काटने के निर्देश जिला कोषालय अधिकारी को दिये हैं।

स्वामित्वधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे के लिए मैं. गुरूकृपा प्रकाशन प्रेस टीआईटी कॉम्पलैक्स मुरैना से मुद्रित एवं प्रकाशित, आरएनआई नं. MPHIN/2003/09780
संपादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे, सहायक संपादक गोपाल सिकरवार 9826949508, महाप्रबंधक श्याम शिवहरे सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरैना न्यायालय होगा।